दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

n वर्ष : 10 अंक : 360 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 25 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st





# मुख्यमंत्री भजनलाल ने धीरेंद्र शास्त्री की जमकर प्रशंसा की और कहा धर्म और गोवंश की रक्षा में आपके प्रयास अनुकरणीय

## *रामगंज मंडी में धीरेंद्र शास्त्री की राम कथा को सुनकर खुद को धन्य समझ रहे भजनलाल शर्मा, कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर, हीरालाल नागर और अन्य जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री की जमकर प्रशंसा की और कहा कि धीरेंद्र शास्त्री निडर होकर धर्म और गोवंश की रक्षा और सुरक्षा के लिए अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं शास्त्री जो भी बोलते हैं स्पष्ट बोलते हैं निडर होकर बोलते हैं और सनातन धर्म की रक्षा के लिए झंडा लेकर आगे बढ़ रहे हैं उससे निश्चित रूप से हमारी प्राचीन सभ्यता संस्कृति विरासत और आस्था के प्रति लोगों का जुड़ाव और गहरा तथा मजबूत हुआ है भजनलाल शर्मा शनिवार को कोटा के रामगंज मंडी में पंडित धीरेंद्र शास्त्री की राम कथा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपस्थित लोगों से कहा कि इस राम कथा और हनुमान कथा कार्यक्रम में आकर में भी आपके साथ धन्य हो गया हूं क्योंकि धीरेंद्र शास्त्री जहां जहां जाते हैं वहां वहां इनके चरणों से अपने आप ही सुख समृद्धि और खुशहाली की लहर छा जाती है इसलिए यहां पर धीरेंद्र शास्त्री से राम कथा और हनुमान कथा सुनकर वे भी धन्य हो गए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे सनातन धर्म की महिमा और गरिमा काफी निराली है ऋषि मुनियों के समय से चला आ रहा यह सनातन धर्म आज भी विराट स्वरूप में दुनिया में मौजूद है सनातन धर्म लोगों के बीच आपस में प्यार सद्भाव और मानवता का संदेश देता है पाठ पढ़ाता है जिसकी बदौलत भारत पूरी दुनिया में विश्व गुरु के रूप में माना जाता है इसलिए सनातन धर्म हमारी विरासत हमारी सभ्यता और हमारी आस्था का प्रतीक है और इसकी रक्षा और प्रचार प्रचार करने के लिए धीरेंद्र शास्त्री के प्रयास काफी सराहनीय है उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से धीरेंद्र शास्त्री ने सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करके देश के लोगों को ही नहीं बल्कि विदेश में बैठे भारतीय सभ्यता और संस्कृति से जुड़े लोगों को भी सनातनी होने का महत्व समझ कर उनमें सनातन धर्म की रक्षा का बीज बोया है जो वास्तव में काबिले तारीफ है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म में नफरत नहीं बल्कि प्यार और सद्भाव छुपा हुआ है और सनातन धर्म सभी को मानवता और इंसानियत का पाठ पढ़ाता है और राष्ट्र भक्ति राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र सेवा के लिए के लिए प्रेरित करता है उन्होंने कहा कि राजस्थान में जबरन धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के खिलाफ हमारी सरकार कड़ा कानून लेकर आई है राजस्थान में किसी भी सूरत में जबरन धर्म परिवर्तन जैसी घटनाएं अब नहीं होने दी जाएगी इसके अलावा हमारी सरकार गोवंश की रक्षा के लिए भी सतत रूप से कार्य करती है इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की है गौशालाओं को अनुदान की राशि बढ़ाई गई है तथा प्रदेश में गौशाला के साथ-साथ नंदी शाला भी स्थापित किया जाना सुनिश्चित किया गया है उन्होंने कहा कि गाय माता में करोड़ देवी देवताओं का वास होता है और सनातन धर्म में गाय माता का विशेष महत्व है इसलिए प्रदेश में गायों के खाने पीने चिकित्सा ठहरने इत्यादि सभी की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हमारे सरकार निरंतर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि हम उन मान्यताओं और विचारधाराओं से जुड़े हुए हैं जो सदियों से पेड़, पौधे, नदियां पहाड़ की पूजा करते आ रहे हैं पशु पक्षियों की पूजा करते आ रहे हैं इसलिए उन्हें खुद पर भी सनातनी होने का गर्व है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राम कथा और हनुमान कथा को सुनने से ही सबका बेड़ा पार हो जाता है इसलिए इस राम कथा कार्यक्रम में धीरेंद्र शास्त्री जी के मुंह से राम कथा और हनुमान कथा सुनने वाले सभी लोग निहाल हो गए जिसमें मैं भी शामिल हूं पंडित धीरेंद्र शास्त्री की इस राम कथा को सुनने के लिए राजस्थान मध्य प्रदेश दिल्ली हरियाणा उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों से बड़ी संख्या में यहां लोग आए हुए हैं इसलिए राम कथा के लिए विशाल पंडाल बनाया गया है तथा राम कथा सुनने आने वाले लोगों के लिए सभी तरह की जरूरी व्यवस्था भी आयोजकों की ओर से की गई है इस राम कथा के माध्यम से आने वाले दान की राशि को गायों के कल्याण और विकास के लिए खर्च किया जाएगा द्य इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कैबिनेट मंत्री हीरालाल नगर मदन दिलावर और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल थे

### भजनलाल शर्मा देश के साधु संतों और कथा वाचकों के प्रति रखते हैं पूरा आदर भाव, हमेशा कथा सुनने के लिए रहते हैं आतुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुरू से ही काफी धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति रहे हैं बचपन से ही परिवार में अच्छे संस्कारिक माहौल मिलने की वजह से नियमित पूजा पाठ साधु संतों की सेवा गौ माता की सेवा और बड़ों का आदर भाव करने जैसे लक्षण इनमें समाहित हैं इसलिए जहां भी राम कथा हनुमान कथा गीता पाठ इत्यादि का आयोजन होता है वहां चाहे कोई इन्हे बुलाए या नहीं खुद पहुंच जाते हैं यह मिजाज इनका मुख्यमंत्री बनने से पहले भी था और अब भी जैसे ही इन्हें जानकारी मिलती है कि अमुक जगह पर सिद्ध महापुरूष आए हुए हैं और कथा का कार्यक्रम हो रहा है तो वहां पर कथा सुनने के लिए पहुंच जाते हैं इसीलिए देश के साधु संतों में भी भजनलाल शर्मा के प्रति काफी सम्मान का भाव है पंडित धीरेंद्र शास्त्रीभी भजन लाल शर्मा के व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित हैं

## भारत की क्रिएटर इकोनामी बहुत तेजी से बढ़ रही जिससे युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे : नरेंद्र मोदी

### रोजगार मेले में पीएम मोदी ने 61000 से ज्यादा युवाओं को सरकारी नियुक्ति के पत्र वितरित किए



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18वें रोजगार मेला के तहत देश के 45 स्थान पर आयोजित कार्यक्रमों में 61000 से ज्यादा युवाओं को सरकारी नियुक्ति पत्र वितरित किए उन्होंने कहा कि भारत की क्रिएटर इकोनामी और बढ़ते वैश्विक भरोसे की वजह से युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर बन रहे हैं पिछले दशक में भारत की जीडीपी दुगनी होने के साथ विदेशी निवेश भी पहले के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा वृद्धि हुई है इसका सीधा फायदा युवाओं को रोजगार के रूप में मिल रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नव नियुक्त युवाओं से कहा कि पिछले 5 से 7 साल में जब भी उन्हें सरकारी दफ्तर या व्यवस्था से परेशानी हुई हो अब उनकी जिम्मेदारी है कि वह अपने कार्यकाल में ऐसी दिक्कत किसी और को न आने दे उन्होंने कहा कि सरकार का हिस्सा बनकर हर कर्मचारी को अपने स्तर पर छोटे-छोटे सुधार सुनिश्चित करने होंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह युवाओं को संविधान के प्रति उनके कर्तव्य की भी याद दिलाता है उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को संविधान ने जन गण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया था प्रधानमंत्री ने कहा की नियुक्ति पत्र सिर्फ नौकरी का कागज नहीं है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का निमंत्रण पत्र और विकसित भारत के लिए संकल्प पत्र है

## यूपी दिवसः अमित शाह ने जय श्री राम का जयकारा लगाया और बोले योगी ने यूपी को बदल दिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** यूपी दिवस पर शनिवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में योगी सरकार की ओर से एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई कार्यक्रम में अमितशाह को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था इस कार्यक्रम में अपने भाषण की शुरुआत अमित शाह ने जय श्री राम का जयकारा लगाकर की उन्होंने भारत माता की जय के नारे भी लगाएं और कहा आज यूपी दिवस है भाई लखनऊ वालों की आवाज को क्या हो गया है इसके बाद कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने अमित शाह के साथ जोरदार नारे लगाए कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है इसी तरह योगी जी ने यूपी को विकसित बनाने का संकल्प लिया है 15 अगस्त 2047 को जब देश की आजादी की शताब्दी मनाई जाएगी तब उत्तर प्रदेश विकसित राज्य बनेगा हम आज इस संकल्प को दोहराते हैं उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की धड़कन और आत्मा है देश के विकास का इंजन भी बन रहा है गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यक्रम में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है एक तरफ जहां कानून का राज हुआ है वहीं दूसरी तरफ बड़े-बड़े



अपराधी को जेल की सलाखों के पीछे डाला गया है पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था में जोरदार सुधार हुआ है जिसकी वजह से यहां का व्यापार और कारोबार तेजी से आगे बढ़ा है उन्होंने कहा कि 2017 के पहले कोई कल्पना नहीं कर सकता था लेकिन आज उत्तर प्रदेश ग्रीन डेस्टिनेशन बन गया है 15 लाख करोड़ की योजना धरातल पर लेकर आए हैं उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है अगले साल होने वाले चुनाव में यूपी के विकास पर यहां के लोग एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार देखना चाहते हैं उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म किया है गरीबों के लिए कई तरह की योजनाएं बनाई है 20 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है योगी सरकार किसान मजदूर गरीब दलित वंचित सभी वर्गों के लिए समान रूप से विकास के कार्य कर रही है जो अपने आप में एक सुशासन का प्रतीत है

### योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी का बधाई संदेश पढ़कर सुनाया

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी का बधाई संदेश लोगों को पढ़कर सुनाया मोदी ने अपने पत्र में लिखा है कि आज उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है एक वक्त ऐसा भी था जब दशकों तक प्रोजेक्ट इधर-उधर भटकते रहते थे प्रदेश के लोगों का आत्मविश्वास हल चुका था लेकिन आज भाजपा की सरकार में पुराने प्रोजेक्ट पूरे हो रहे हैं और नए प्रोजेक्ट तेजी से धरातल पर आ रहे हैं उत्तर प्रदेश वासियों को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामना देता हूं मैं काशी का सांसद हूं यूपी के लोगों ने मुझे चुनकर भेजा है यूपी की मिट्टी में खास है उत्तर प्रदेश विकास और विरासत का उत्तम उदाहरण है

## निर्वाचन विभाग का बड़ा फैसला : पंच और सरपंच के चुनाव बैलट पेपर और पंचायत समिति जिला परिषद के चुनाव ईवीएम मशीन से होंगे

### निर्वाचन विभाग ने सभी जिला कलेक्टर को चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक संसाधन एकत्रित करने के लिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पिछले तीन पंचायत राज चुनाव के बाद इस बार निर्वाचन विभाग ने सरपंच और पंच का चुनाव वैलेट पेपर और पंचायत समितियां और जिला परिषद का चुनाव ईवीएम से करने का निर्णय लिया है इस संदर्भ में निर्वाचन विभाग की ओर से प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को चुनाव संबंधी सभी तैयारियां संपूर्ण करने के निर्देश भी दिए हैं जानकारी के अनुसार पंचायत समिति और जिला परिषद के चुनाव में जिन जिलों में ईवीएम कम पड़ जाए या फिर खराब होने की स्थिति में ऐसे जिलों में वैलेट पेपर से भी चुनाव करवाने के निर्देश दिए गए हैं ऐसे जिलों के कलेक्टर को वेतन की व्यवस्था के रूप ऐसे जिलों के कलेक्टर को वैलेट पेपर और बैलट बॉक्स तथा अन्य जरूरी संसाधन पहले से ही सुनिश्चित करने को कहा गया है द्य निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों से कहा है कि वह और सरपंच पंच के चुनाव में वैलेट पेपर वॉलेट बॉक्स और मतगणना तथा सुरक्षासंबंधी सभी तैयारियां सुनिश्चित करें ताकि मतदान पारदर्शी और सुगम तरीके से अच्छी तरह से संपादित हो सके जानकारी के अनुसार प्रदेश में पिछले तीन पंचायत राज के चुनाव ईवीएम से संपादित किए गए सरपंच,पंच, पंचायत समिति और जिला परिषद के सदस्यों के चुनाव ईवीएम मशीन से संपादित किए गए इसलिए लंबे समय से प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से ही चुनाव संपादित करवाए जा रहे थे लेकिन इस बार निर्वाचन विभाग ने सरपंच और पंच का चुनाव वैलेट पेपर के माध्यम से करवाने का निर्णय लिया कहा जा रहा है कि यह निर्णय चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शक और सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते लिया गया है

# बारिश और ओलावृष्टि के बाद राजस्थान में कड़ाके की ठंड, माउंट आबू में पारा -7 पहुंचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** राजस्थान में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के बाद मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। प्रदेश के कई हिस्सों में कड़ाके की सर्दी लौट आई है और शीतलहर का असर तेज हो गया है। दिन और रात के तापमान में अचानक आई गिरावट से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों में राजस्थान के कई इलाकों में अति शीत दिवस और अति शीतलहर की स्थिति दर्ज की गई। इस दौरान भरतपुर समेत कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई, जबकि कई जिलों में ओले भी गिरे। बारिश के बाद ठंडी हवाओं के चलते सर्दी का असर और बढ़ गया है।

### माउंट आबू में माइनस 7 डिग्री, सीजन का सबसे कम तापमान

राज्य के एकमात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में शुक्रवार रात तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सर्दी के मौसम का सबसे कम तापमान बताया जा रहा है। शनिवार सुबह



यहां कई स्थानों पर बर्फ की मोटी परत जमी हुई नजर आई। सर्दी का असर मैदानी इलाकों तक फैल गया है।

### खेतों में जमी बर्फ, दिन का तापमान 10 डिग्री तक गिरा

सीकर, बाड़मेर, जैसलमेर सहित कई जिलों में खेतों में बर्फ जमने की खबरें सामने आई हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन के तापमान में करीब 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। इससे फसलों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### कई शहरों में न्यूनतम तापमान शून्य के करीब

बीते 24 घंटों में लूणकरणसर में न्यूनतम तापमान 0.3 डिग्री, नागौर में 0.5 डिग्री, माउंट आबू में 0.6 डिग्री और फतेहपुर में 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पाली में 2.9 डिग्री, सीकर में 3.2 डिग्री, श्रीगंगानगर में 3.5 डिग्री, सिरोही में 4 डिग्री, जैसलमेर में 4.5 डिग्री और झुंझुनू में 5.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा।

### जयपुर सहित कई जिलों में बर्फीली हवाएं

राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर, दौसा, अलवर सहित कई जिलों में सुबह से बर्फीली हवाएं चलती रहीं, जिससे लोगों को घरों में ही दुबकना पड़ा।

### आगे कैसा रहेगा मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य में 24 और 25 जनवरी को मौसम मुख्य रूप से साफ रहने की संभावना है। हालांकि, 26 और 27 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ हिस्सों में आंधी और बारिश हो सकती है, जबकि कई इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की भी संभावना जताई गई है।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
25 जनवरी, 2026

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन मुबारिकपुर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की मुबारिकपुर इकाई का शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने नवगठित इकाई के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अलवर जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करना एवं समाज में एकजुटता को और मजबूत करना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महामंत्री कैलाश मित्तल, राकेश अग्रवाल, अर्पित गोयल, निधि गोयल एवं गरिमा गोयल उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के दौरान निम्न पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए– अध्यक्ष: संजय अग्रवाल संरक्षक: प्रहलाद गर्ग उपाध्यक्ष: सुभाष गर्ग कोषाध्यक्ष: ललित गर्ग एवं राकेश गर्ग। इस अवसर पर नितिन गर्ग, आलोक मित्तल, ओमप्रकाश गर्ग, राजेश सिंघल, तरुण सिंघल, अमन गर्ग, गौरव बंसल, गजेन्द्र, अमित मित्तल, नितिन जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन समाजहित में संगठित होकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला राज्य स्तर पर होंगी सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन 25 जनवरी को राजस्थान इन्फोरमेशन सेंटर जयपुर में किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, विशिष्ट अतिथि मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास एवं राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला को निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित होंगे कार्यक्रम, नव मतदाताओं का होगा अभिनंदन राष्ट्रीय मतदाता दिवस से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन आयोग द्वारा निर्धारित थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट' पर केन्द्रित करते हुए मनाया जाएगा। मतदाता गतिविधियों का आयोजन जिला स्तर, विधानसभा स्तर एवं बूथ लेवल स्तर तक किया जाएगा। जिले में मतदाता जागरूकता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रिन्ट, टीवी, रेडियो विज्ञापन, सोशल मीडिया कैम्पेन, वेबीनार/सेमीनार का आयोजन किया जाएगा।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में 26 जनवरी तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में जिले में 26 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित होंगी। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 26 जनवरी को समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों/विद्यालयों एवं गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में वंदे मातरम् पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वंदे मातरम् थीम पर आधारित झांकी के साथ वंदे मातरम् एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित बैण्ड वादन किया जाएगा। वहीं 25 व 26 जनवरी को विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधयां व कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनमें सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जिला स्तर पर vandemataram@150 पर प्रदर्शनी vande mataram witness to History का आयोजन, पर्यटन विभाग द्वारा समस्त पर्यटन स्थलों पर वंदे मातरम् बूथ, सेल्फी पॉइंट लगाए जाएंगे, ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग द्वारा पंचायत समिति तथा पंचायत स्तर पर समस्त स्वयंसेवी सहायता समूह एवं राजीविका के माध्यम से वंदे मातरम् पर आधारित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन, जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा जनजाति क्षेत्रों में स्थित छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों में तथा जनजाति बहुल क्षेत्रों में आमजन की वृहद् सहभागिता के साथ वंदे मातरम् का गायन तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों/गतिविधियों का प्रदर्शन व आयोजन किया जाएगा। नगरीय विकास विभाग व स्वायत्त शासन विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान तथा प्रमुख चौराहों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं महापुरुषों की मूर्तियों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं लाइटिंग की जाएगी।

## हर्षोल्लास से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस, कलक्टर जिला स्तरीय कार्यक्रम में करेंगे ध्वजारोहण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जिले के सभी राजकीय भवनों, स्कूलों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, गैर सरकारी संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों पर नियमानुसार राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। पुलिस लाइन में होने वाले मुख्य समारोह में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा सवेरे 9.05 बजे ध्वजारोहण करेंगे। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के बाद जिला कलक्टर परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। विद्यार्थियों एवं स्काउट-गाइड द्वारा व्यायाम प्रदर्शन किया जाएगा। समारोह में राज्यपाल के संदेश का पठन किया जाएगा। इसके बाद मुख्य अतिथि का संबोधन होगा और झांकी प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद वीरांगनाओं, सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा जिले में वर्षभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न व्यक्तियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मुख्य समारोह से पूर्व सवेरे 09 बजे जिला कलक्टर सुराणा द्वारा वीरगति स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। मुख्य समारोह में होने वाले मार्चपास्ट में राजस्थान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं विद्यालयों की टुकड़ियां भाग लेंगी। उन्होंने समारोह के आयोजन से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शिक्षा और सुरक्षा से सशक्त राष्ट्र कार्यक्रम आयोजित

### बाल विवाह से मुक्ति, और समान अवसरों का हम ले संकल्पः मुस्तफा खान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनंत भंडारी के निर्देश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी के आदेश पर शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजस्थान अकादमी उच्च माध्यमिक विद्यालय अलवर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के पी एल वी मुस्तफा खान ने बताया कि भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं के विधिक अधिकारों जैसे कन्या भ्रूण हत्या अधिनियम, लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, बालकों का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और शिक्षा में बढ़ावा देना है यह दिवस लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों की वकालत करने के लिए मनाया जाता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकना और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत, सरकार ने कई पहल की हैं, जैसे कि: शिक्षा को बढ़ावा देना लड़कियों के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी के मद्देनजर शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 बनाया गया जिसके तहत 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को सरकार द्वारा नि शुल्क शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया।




### स्वास्थ्य सेवाएं

लड़कियों के स्वास्थ्य के लिए विशेष सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जागरूकता अभियान : लड़कियों के अधिकारों और शिक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए बाल विवाह रोको अभियान, शिक्षा का अधिकार, चाइल्ड बैगिंग रैकेट्स, चाइल्ड ट्रैफिकिंग रैकेट्स चाइल्ड लेबर रैकेट्स आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विवाह को रोकने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भी बाल विवाह रोको अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी करना कानूनन अपराध है कानून का उल्लंघन करने पर 2 वर्ष तक की सजा एवं 1 लाख रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त मुस्तफा खान ने कन्या भ्रूण हत्या अधिनियम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि कन्या भ्रूण हत्या एक गंभीर समस्या है, जिससे लड़कियों की संख्या में कमी आ रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए, सरकार ने कई कानून और योजनाएं बनाई हैं। मुस्तफा खान ने बताया कि कानून का उल्लंघन करने अथवा कानूनी सलाह एवं सहायता के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर द्वारा संचालित हेल्प लाइन नम्बर 8306002102 पर संपर्क करें। इस अवसर पर विद्यालय के करीब 130 छात्र, छात्राएं एवं अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## बालिकाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश को आगे बढाने में अपना योगदान प्रदान कर रही हैं - सीएमएचओ डॉ. शर्मा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि बालिकायें आज के समय में देश का नाम रोशन कर रही हैं। सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ की ओर से एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र, शिशु चिकित्सालय के पीछे अलवर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बालिकाओं ने रंगोली, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता में बढचढ कर भाग लिया और अपने विचारों को अभिव्यक्त कर बताया कि वे सभी क्षेत्रों में पुरुषों के कंधा से कंधा मिलाकर देश को आगे बढाने में अपना योगदान प्रदान कर रही हैं। इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजु शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर यह कार्यक्रम एक जागरूकता मात्र नहीं है, बल्कि एक संकल्प का दिन है। आज सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे लडका व लडकी के बीच घर परिवार में होने वाले भेदभाव को बिल्कुल नहीं होने देंगे एवं यदि ऐसा कही होता भी है तो उसका विरोध कर समानता की भावना जाग्रत करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय, अलवर के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनिल चौहान ने कहा कि एक लडकी जब पढती और आगे बढती है वह दो घरों के विकास में अपनी भागीदारी अदा करती है, एक तो अपने पीहर में और दूसरे अपनी ससुराल में, इसलिए लडकियों को ज्यादा से ज्यादा पढायें एवं उन्हें आगे बढने के लिए अवसर प्रदान करने का प्रयास करें। इस दौरान जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक गफूर खान ने कहा कि भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही मुखबिर योजना के तहत तीन लाख रूपये तक के पुरस्कार प्रदान किये जा रहे हैं, इसलिए इस तरह की कोई भी सूचना आपन टोल फ्री नम्बर 108 या 181 या विभाग के वाट्सअप नम्बर 9799997795 पर देकर देश व समाज के प्रति अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान बालिकाओं के लिए रंगोली, पोस्टर मैकिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ती पत्र व मूमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. प्रवीण शर्मा, एएनए प्रशिक्षण केन्द्र के नर्सिंग ट्यूटर, सुरेन्द्र कुमार, रोशनलाल सैनी, अनिल सुरेला, कपिल खैरिया, मुकेश चाहर सहित नर्सिंग ट्यूटर एवं एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में अध्ययनरत बालिकायें उपस्थित थी।

### रंगोली से दिये जागरूकता का संदेश

रंगोली प्रतियोगिता में टीना व यशोदा प्रथम, अंकिता व काजल द्वितीय व दीपा अंतिम व ललिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता में रीना चौधरी प्रथम, जय द्वितीय व अंजना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में रीया शर्मा व कनिष्का प्रथम, सीमा द्वितीय व कोमल यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्का यादव ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## युवाओं के जोश के साथ विधायक डॉ. यादव ने किया रक्तदान शिविर व कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**बर्डोद(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र बहरोड़ के अंतर्गत बर्डोद में आशीष मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव ने किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक डॉ. जसवंत यादव ने रक्तदान शिविर में भाग ले रहे युवाओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का सबसे श्रेष्ठ कार्य है, जिससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर विधायक ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विधायक ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देते हुए विधायक डॉ. यादव ने खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु स्टेडियम की चारदीवारी निर्माण के लिए ?10 लाख की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संबंधी आधारभूत संरचना को मजबूत करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का उचित अवसर मिल सके। कार्यक्रम के दौरान युवाओं, खिलाड़ियों एवं स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर राजेश फौजी मण्डल अध्यक्ष बर्डोद, अश्वनी टाईगर मण्डल अध्यक्ष माजरी, मन्नू सैनी मण्डल महामंत्री, विजय किसान नेता, आलोक कुमार, कृष्ण सैनी, देवेन्द्र सैनी, सुबेसिंह राणा, संदीप चौधरी, रामसिंह सैनी पूर्व सरपंच सहित पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल हरि भाऊ बागड़े ने नेक कमाई फाउंडेशन के कन्यादान कार्यक्रम की कि सराहना



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने अलवर की समाज सेवी संस्था नेक कमाई फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की। राज्यपाल से मिलने के लिए फाउंडेशन का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को जयपुर लोक भवन पहुंचा, जिसमें मुख्य नेक कमाई के मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, ललित बेनीवाल, डॉ आशुतोष शर्मा, धर्मेंद्र अदलक्खा और कपिल रस्तोगी शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने राज्यपाल को अलवर की प्रसिद्ध कलाकंद मिठाई भेंट की और इसके बारे में विस्तार से बताया। साथ ही ललित बेनीवाल ने सतपाल जी महाराज का साहित्य भी भेंट किया। राज्यपाल को बताया गया की नेक कमाई फाउंडेशन ने अपने चार साल के कार्यकाल में 321 कन्यादान कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का कन्यादान किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कई परिवारों को राहत मिली है और बेटियों की शादी के लिए जरूरी संसाधन मुहैया कराए गए हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने नेक कमाई फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की और इसे राजस्थान में सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया। उन्होंने फाउंडेशन को समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया और उनके कार्यों को फैलाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि 'नेक कमाई फाउंडेशन का काम विशेष रूप से समाज के निचले तबके के लोगों को सहारा देने के लिए सराहनीय है। कन्यादान कार्यक्रम न केवल गरीब बेटियों की जिंदगी बदलने का कार्य कर रहा है, बल्कि समाज में एकजुटता और दयालुता का संदेश भी दे रहा है। मैं इस संस्थान को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि यह आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की सेवा करता रहेगा। फाउंडेशन के इस शानदार काम को राज्यपाल से मिली सराहना से एक नई दिशा मिलेगी और इससे प्रेरित होकर अधिक लोग इस दिशा में काम करेंगे।

## राजस्थान के सबसे युवा एसडीएम ऋषिराज कपिल की संवेदनशील पहल

### भामाशाहों के सहयोग से हजारों जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलेंगी सर्दी से राहत

**सांभर लेक.(निसं.)** राजस्थान के सबसे युवा एसडीएम ऋषिराज कपिल ने अपनी कार्यशैली, संवेदनशील सोच और सेवा के जज़्बे से एक बार फिर मिसाल कायम की है। शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने भामाशाहों के सहयोग से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर उपलब्ध कराने की सराहनीय पहल शुरू की है। इस अभिनव प्रयास के तहत उपखंड सांभर लेक के समस्त राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। इस पहल की शुरुआत शनिवार को पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांभर लेक में आयोजित कार्यक्रम से हुई। कार्यक्रम में भामाशाहों ने बढ़-चढ़कर सहयोग करते हुए बड़ी संख्या में स्वेटर उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। मनसुख रियलिटी की ओर से 1600 स्वेटरों के लिए 2 लाख 80 हजार रुपये, धर्मचंद जैन की ओर से 1200 स्वेटरों के लिए 2 लाख 98 हजार रुपये, वहीं ओम शिवशक्ति इंफ्रा की ओर से 2710 स्वेटरों के लिए 5 लाख 2 हजार 910 रुपये की सहयोग राशि भेंट की गई। इस तरह कुल मिलाकर हजारों विद्यार्थियों को सर्दी से राहत देने की मजबूत आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में भामाशाह दशरथ सिंह मोरसर, राजेश जैन, संयम जैन एवं यश जैन उपस्थित रहे। धर्मचंद जैन की ओर से उनके पौत्र एवं भांजे संयम जैन व यश जैन ने सहभागिता निभाकर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। इस अवसर पर कार्यवाहक सीबीईओ गिरिराज कुमार मीणा, संदर्भ व्यक्ति रमेश कुमार बंशीवाल, मूलचंद यादव सहित ब्लॉक के समस्त राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानन्द पब्लिक सी. सेकेंडरी स्कूल अलवर में सीपीआर का प्रशिक्षण एवं ट्रैफिक सावधानी हेतु दिलाई शपथ

### बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग हर गृहणी, हर पुरुष को आना चाहिए - डॉ. मित्तल

### हेलमेट एवं सीट बेल्ट जीवन रक्षक है-अमित भारद्वाज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कार्यालय प्रादेशिक परिवहन विभाग अलवर द्वारा अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्वामी विवेकानन्द पब्लिक सी. सेकेंडरी स्कूल, चिकानी, अलवर में बच्चो एवं टीचर्स, स्टाफ, परिजनों को बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं सीपीआर की ट्रेनिंग दी गई। जिसको इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर सचिव डॉ रूप सिंह द्वारा प्रारम्भ करवाया गया।



इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन डॉ एस सी मित्तल ने बताया कि बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं सीपीआर ट्रेनिंग सेन्ट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता एवं उनकी टीम जिसमे सेन्ट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा की चीफ ट्रेनर डॉ. कुमुद गुप्ता, जितेन्द्र सिंह , छोटे लाल मीना के सहयोग से शनिवार को दिलवाई गई। चीफ ट्रेनर डॉ. कुमुद गुप्ता ने बताया कि जिसमे आमजन को आपातकालीन स्तिथि या हार्टअटैक आने पर में कैसे सीपीआर देकर वचाया जा सकता है एक डम्मी के द्वारा CPR की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देकर तथा प्रैक्टिकल ट्रेनिंग बच्चो से करवाकर लोगो को समझाया गया। वही बेसिक लाइफ सपोर्ट के अंतर्गत आपातकालीन परिस्तिथियों में क्या किया जाए विस्तृत जानकारी प्रदान की। आगजनी होने पर, साँप खा जाने पर, पानी में डूब जाने पर, कोई चीज गले या नाक में फंस जाने पर, रोड साइड एक्सीडेंट होने पर, हार्ट अटैक आने पर, अस्थमा मरीज को अस्थमा का अटैक आने पर क्या प्राथमिक उपचार देने चाहिए इसकी विस्तृत जानकारी सभी को प्रदान की गयी वही बच्चो से डम्मी के ऊपर CPR की ट्रेनिंग बुलवाकर करवाई गयी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सेन्ट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की संक्षिप्त में जानकारी प्रदान करी रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण देश के विभिन्न जिलो में बेहतरीन कार्य करवा रहे है जिसमे सीपीआर, बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग, ब्लड डोनेशन कैंप, नि:शुल्क मेडिकल चेकअप कैंप, गर्भवती महिलाओ एवं बच्चो में हीमोग्लोबिन जाँच, आमजन में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांचे, जरूरतमंद लोगो को गर्म कम्बल, बर्तन वितरण कार्यक्रम, डिजास्टर मैनेजमेंट के तहत आपातकालीन स्तिथि में उपलब्धता करवा रहे है। सी पी आर / बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करी वही मात्र एक हजार में आजीवन सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस के मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अमित भारद्वाज ने सभी बच्चो एवं स्टाफ को हेलमेट, सीट बेल्ट पहनने एवं बिना लाइसेंस गाड़ी नहीं चलने की शपथ दिलवाई वही ट्रैफिक इंचार्ज ग्रामीण राजेश चौधरी ने बच्चो को समझाया कि जब भी दो पहिया वाहन पर अपने पिता, माता, बड़े भाई, बहन के साथ जायेंगे तो दोनों हेलमेट का तथा कार में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करेंगे एवं उनसे करवायेंगे। वही बिना लाइसेंस के वाहन ना चलाये एवं दो पहिये वाहन पर 2 व्यक्तियों से अधिक बैठकर ड्राइव ना करे। स्वामी विवेकानन्द पब्लिक सी. सेकेंडरी स्कूल, चिकानी, अलवर के निदेशक सुरेश यादव ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में माला एवं दुपट्टे द्वारा सभी का सम्मान किया वही अन्त में इंडियन रेड क्रॉस टीम गिरीश गुप्ता, डॉ.कुमुद गुप्ता, जितेन्द्र सिंह एवं छोटेलाल तथा मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर अमित भारद्वाज, ट्रैफिक इंचार्ज ग्रामीण राजेश चौधरी का धन्यवाद ज्ञापित किया बड़ी संख्या में बच्चो, उनके अभिभावकों एवं टीचर्स ने भाग लिया।

# आमेर में नाहरगढ़ और सागर की पहाड़ियों में ट्रैकिंग, स्थानीय लोग परेशान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में आमेर क्षेत्र में नाहरगढ़ की पहाड़ियों और सागर की पहाड़ियों में ट्रैकिंग की गतिविधियां चरम सीमा पर पहुंच गई है यहां ट्रैकिंग के लिए बड़ी संख्या में युवा सुबह-सुबह पहुंच जाते हैं इन युवाओं की ट्रैकिंग गतिविधियों से एक तरफ जहां जंगल में मौजूद पशु पक्षी काफी परेशान रहते हैं तो दूसरी तरफ स्थानीय लोग भी व्यापक स्तर पर हो रही ट्रैकिंग की गतिविधियों से काफी परेशान रहते हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैकिंग करने वाले युवक यहीं पर मौज-मस्ती करते हैं गंदगी फैला कर चले जाते हैं और इनकी ओर से ध्वनि प्रदूषण भी किया



जाता है जिसकी वजह से पहाड़ियों में रहने वाले बंदर और अन्य जानवर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भगते हुए नजर आते हैं स्थानीय लोगों ने इस अवैध ट्रैकिंग को बंद करने की कोई जोर मांग की है जानकारी के अनुसार नाहरगढ़ की पहाड़ियों और सागर की पहाड़ियां अपने वैभव हरियाली और बनावट से देश और विदेश के पर्यटकों में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है इसलिए इन पहाड़ियों में बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक भी पहुंचते हैं सागर की पहाड़ियों में भी कई विदेशी पर्यटक अक्सर घूमते हुए नजर आ जाते हैं लेकिन आजकल सागर की पहाड़ियों में बड़ी संख्या में युवक घूमने के लिए नहीं बल्कि ट्रैकिंग के लिए आ रहे हैं जो आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बन गए हैं क्योंकि यह युवा शांत तरीके से ट्रैकिंग करने की बजाय जोर-जोर से एक दूसरे को नाम से पुकारते हैं जिसकी वजह से आवाज पहाड़ियों से टकराकर और भी गूंजती है जो आसपास के पूरे इलाके में ध्वनि प्रदूषण का रूप धारण कर लेती है जो स्थानीय लोगों के लिए काफी चिंता का विषय बनी हुई है स्थानीय लोगों का कहना है कि वह भी चाहते हैं कि यहां आमेर फोर्ट के पीछे जो सागर है उसे देखने के लिए लोग यहां आए और यहां के नजारे को देखकर रोमांचितहो लेकिन यहां पर बहुत से युवा रोजाना सिर्फ ट्रैकिंग के लिए आ रहे हैं जो कभी भी किसी बड़े हादसे का शिकार भी हो सकते हैं इसलिए प्रशासन और पुलिस को इस दिशा में जल्दी से जल्दी खड़ा कदम उठाना ही होगा ।

## बहरोड में होटल में युवक और युवती की लाश मिली, दो लोगों को हिरासत में लेने की भी चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के बहरोड़ इलाके में स्थित होटल गणगौर के कमरे में एक युवक और युवती की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है हालांकि यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है पुलिस ने  युवक और युवती की पहचान भी कर ली है पुलिस की जांच पड़ताल में मृतक की युवक की पहचान इंद्र कुमार निवासी अजबपुरा और थानागाजी निवासी मंजू के रूप में हुई है हालांकि पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है लेकिन जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जब तक जांच कंप्लीट नहीं हो जाती पुलिस इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती पुलिस होटल प्रशासन से जुड़े लोगों और कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है इसके अलावा दोनों मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही ठीक तरह से पता चल पाएगा की मौत के क्या कारण रहे पुलिस को संदेह है कि होटल के कमरे से जिस तरह से युवक और युवती की बॉडी जप्त की गई है उसे देखते हुए ऐसा लग रहा है कि हो सकता है दोनों के बीच प्रेम संबंध हो लेकिन फिलहाल पुलिस इस मामले में ज्यादा बताने से बच रही है ।

## जयपुर में थार गाड़ी फिर बनी यमराज, जयंती मार्केट चौराहे पर दो जनों को कुचला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में थार गाड़ी जयपुर के लोगों के लिए एक तरह से यमराज बन गई है पिछले कुछ दिनों में जयपुर में एक के बाद एक गाड़ी से लोगों के कुचलना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं शनिवार को भी जयपुर के जालूपुरा थाना इलाके में जयंती मार्केट चौराहे पर बेकाबू थार गाड़ी के चालक ने पहले पैदल चल रही महिला को कुचल और फिर बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिसकी वजह से बाइक सवार फैजान पुत्र अब्दुल की मौके पर ही मौत हो गई है तथा घायल महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसका इलाज जारी है हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने गाड़ी के चालक को पकड़ लिया पुलिस ने गाड़ी के चालक मनीष कुमार निवासी फतेहपुर को हिरासत में ले लिया है पुलिस पूछताछ में मनीष कुमार ने कहा है कि उसने यह गाड़ी यहां किराए पर ली हुई थी और हड़बड़ाहट में यह दुर्घटना हो गई फिलहाल दुर्घटना थाना पुलिस इस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है पुलिस की जांच पड़ताल में इस हादसे में घायल महिला का नाम कुसुम बताया गया है यह दुर्घटना शनिवार को करीब 12:30 बजे जयंती मार्केट चौराहे पर हुई यह काफी व्यस्त मार्केट है और यहां सुबह से लेकर मार्केट बंद होने तक लोगों की आवाजाही ज्यादा रहती है इसलिए दिनदहाड़े तेज गति से थार गाड़ी को चलाने वाले मनीष कुमार पर आखिर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की नजर क्यों नहीं पड़ी क्योंकि जयपुर के चार दिवारी क्षेत्र में व्यस्त मार्केट में और चौराहे तथा सर्किल पर ट्रैफिक पुलिस कर्मी तैनात रहते हैं इसके बावजूद भी थार गाड़ी का चालक जिस तरह से तेज गति से गाड़ी चल रहा था वह कहीं ना कहीं ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही को साफ इंगित कर रहा है ।

## प्रदेश में मधुमक्खीपालन किसानों के साथ सामूहिक संवाद, कृषि मंत्री किरोड़ी भी रहे मौजूद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कृषि मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा की उपस्थिति में शनिवार को राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार दुर्गापुरा में हाई वैल्यू मधुमक्खी उत्पादों के उत्पादन, आधुनिक तकनीक, वर्तमान परिदृश्य एवं भविष्य की असीम संभावनाओं पर मधुमक्खी पालक किसानों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ गहन एवं परिणामोन्मुखी संवाद हुआ। मधुमक्खी पालन को आत्मनिर्भर किसान और समृद्ध ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ बनाने के संकल्प के साथ नवाचार, तकनीकी उन्नयन और बाज़ार से सीधे जुड़ाव को सशक्त करने पर ठोस चर्चा की गई। कार्यक्रम में मौजूद कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीमीणा ने कहा कि यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में निर्णायक कदम है, बल्कि विकसित राजस्थान - समृद्ध किसान के संकल्प को भी साकार करेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन नियमित रूप से होते रहने चाहिए इस तरह के आयोजन में विशिष्ट लोगों के सुझाव और सलाह काफी उपयोगी होती है जो खेती और बागवानी जैसे क्षेत्र के समुचित और सर्वांगीण विकास का रास्ता तैयार करती है इसके अलावा इस तरह के आयोजन से सरकार को भी कल्याणकारी योजनाएं बनाने में सहायता मिलती है इसलिए इस तरह की सेमिनार समय-समय पर आयोजित होनी ही चाहिए ताकि प्रदेश का किसान आर्थिक रूप से मजबूत होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके उन्होंने कहा कि राजस्थान में कृषि और खेती के विकास के लिए पिछले 2 साल में सरकार ने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए सभी तरह की जरूरी कदम उठाए हैं सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है और किस को पूरी तरह से आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है ।

## राज्यपाल  बागडे की राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** राज्यपाल  हरिभाऊ बागडे ने देश के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल बागडे ने कहा है कि लोकतंत्र में मतदाता ही राष्ट्र का भाग्य विधाता होता है। उन्होंने मतदाता दिवस को मतदान जागरूकता पर्व बताते हुए कहा कि इस दिन हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि मतदान से कोई वंचित नहीं रहे। लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है। मतदान दिवस इसी सोच के लिए हमें जागरूक करता है। उन्होंने प्रदेश में सभी पात्र युवाओं से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, मतदान जागरूकता के लिए वातावरण निर्माण करने का आह्वान किया है। उदाहरण है ।

## राजधानी जयपुर में 1300 में से 300 कैमरे खराब, सुरक्षा व्यवस्था गड़बड़ाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न जगहों पर स्थापित किए गए करीब 1300 सीसीटीवी कैमरे में करीब 300 कैमरे खराब हैं जिनकी वजह से सुरक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है जानकारी के अनुसार जयपुर पुलिस नगर निगम जेडीए इत्यादि की ओर से राजधानी जयपुर में कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए इनकी संख्या करीब 1300 बताई गई है लेकिन इनमें सुचारू रूप से करीब 1000 कैमरे ही संचालित बताई जा रहे हैं 300 कैमरे अलग-अलग वजह से खराब पड़े हैं जो जयपुर शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चिंता का विषयहै जानकारी के अनुसार जयपुर के व्यस्त चौराहा, विभिन्न मार्केट, सर्कल संवेदनशील क्षेत्र, बड़े पार्क, कॉलेज, विश्वविद्यालय गर्ल्स स्कूल, महिला महाविद्यालय, अति विशिष्ट क्षेत्र इत्यादि जगहों पर नगर निगम जयपुर विकास प्राधिकरण और पुलिस की ओर से सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं और इन कैमरा की नियमित रूप से निगरानी के लिए बाकायदा पुलिस की विशेष टीम तैनात की हुई है लेकिन मुश्किल वाली बात यह है कि इनमें कई कमरे अलग-अलग कारण की वजह से खराब पड़े हुए हैं जिसकी वजह से शहर की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी पर विपरीत असर पड़ रहा है हालांकि खराब कैमरा की मरम्मत के लिए और नए कैमरे स्थापित करने के लिए सरकार की ओर से बजट भी मंजूर किया गया है पुलिस इन खराब कैमरा की मरम्मत के लिए और नए कैमरे स्थापित करने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों बाद ही 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर्व का आयोजन होने वाला है और देश की सुरक्षा एजेंसियों की ओर से देश के कई शहरों में हाई अलर्ट भी सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर जारी किया हुआ है जिसमें जयपुर भी शामिल है ऐसे में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे का संचालन ठीक तरह से नहीं होना चिंता का विषय जरूर है जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर में पूर्व में चारदीवारी क्षेत्र में कई जगहों पर आतंकवादियों ने बम धमाके किए थे जिनमें बड़ी संख्या में लोग मौत का शिकार हुए थे और बड़ी संख्या में लोग घायल भी रहे थे इस बम विस्फोट की पीड़ा को जयपुर के लोग अब तक नहीं भूले हैं इसलिए जयपुर में स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरे के संचालन की प्रक्रिया पर जयपुर पुलिस को काफी गंभीरता से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होगी

## निजी बसों का चक्का जाम होने से परिवहन व्यवस्था बिगड़ी, परिवहन विभाग की कार्यशैली को लेकर बस संचालकों में है आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में परिवहन विभाग की नीति और कार्यशैली के खिलाफ शनिवार को एक बार फिर से रोडवेज बस संचालकों ने एक दिन की हड़ताल का आयोजन करके अपना विरोध प्रकट किया शनिवार को राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में निजी बसों का संचालन नहीं हुआ जिसकी वजह से प्रदेश के परिवहन व्यवस्था पर भी विपरीत असर पड़ा है हालांकि स्लीपर बसों को इस हड़ताल से अलग रखा गया था लेकिन शनिवार को प्रदेश के सभी छोटे-बड़े शहर और कस्बे में निजी बस का संचालन नहीं हुआ निजी बस ऑपरेटर का कहना है कि राजस्थान का परिवहन विभाग केंद्र की परिवहन नीति के खिलाफ कार्य कर रहा है जिन बसों को फिटनेस का सर्टिफिकेट मिला हुआ है उनके भी भारी भरकम चालान काटे जा रहे हैं स्टेट कैरिज बस में जंगला और सीधी लगाने के प्रावधान है लेकिन इन्हें भी जबरन हटवाया जा रहा है हर तरह से परिवहन विभाग तानाशाह रवैया अपना यह है जबकि कहीं निजी बस ऑपरेटर ऐसे हैं जिन्होंने बैंक से लोन लेकर अपनी बस तैयार करवाई और अब परिवहन विभाग की ओर से उनकी बसों को सीज कर लेता है जिसकी वजह से एक तरफ वह अपनी बस की किस्त जमा नहीं करवा पा रहे तो दूसरी तरफ ड्राइवर कंडक्टर के वेतन के भी लाले पड़ जाते हैं इसके अलावा और भी बहुत से खर्च बस संचालक से जुड़े होते हैं जिनको मेंटेन करना बहुत मुश्किल हो जाता है लेकिन इसके बावजूद भी परिवहन विभाग नियम विरुद्ध कार्रवाई करके मोटर अधिनियम की अवहेलना करके भारी भरकम चालान काटने में व्यस्त है इसकी वजह से निजी बस ऑपरेटर शारीरिक और मानसिक रूप से काफी परेशान है निजी बस ऑपरेटर का कहना है कि अगर परिवहनविभाग ने अपनी कार्यशैली में और नीति में बदलाव नहीं किया और इसी तरह से भारी भरकम चालान काटते रहे तो फिर यह हड़ताल आगे भी जारी रहेगी इसके लिए निजी बस ऑपरेटर की एक मीटिंग बुलाई जा रही है जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी निजी बस ऑपरेटर का कहना है कि परिवहन विभाग के अधिकारी बीच रास्ते में ही सड़क पर दौड़ रही बसों को रुकवा लेते हैं और फिर यात्रियों को जबरन बस से नीचे उतार देते हैं जिसकी वजह से यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है इसलिए निजी बस ऑपरेटरों ने मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा है कि सरकार को निजी बस ऑपरेटर की मांग को भी गंभीरता से लेना चाहिए और चालान काटने से पहले बस संचालक को मौका देना चाहिए ।

## शास्त्री नगर में 850 किलो नकली पनीर बरामद, सैंपल लेकर नकली पनीर को करवाया नष्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में खाद्य वस्तुओं में मिलावट खोरी का धंधा जोर-जोर से संचालित किया जा रहा है खाद्य विभाग और चिकित्सा विभाग की टीमों की ओर से नियमित रूप से रोजाना छापा मार करवाई को अंजाम देकर नकली खाद्य वस्तुएं बरामद भी की जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी मिलावट खोरी का धंधा करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं और वे निडर होकर अपनी करगुजारियों को अंजाम दे रहे हैं यही वजह रहेगी शुक्रवार को खाद्य विभाग और चिकित्सा विभाग की टीमों ने भट्टा बस्ती इलाके में छापा मार करवाई को अंजाम देकर करीब 700 किलो नकली पनीर बरामद किया था नकली पनीर के सैंपल लेकर नकली पनीर को बाकायदा नष्ट करवाया गया और दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई लेकिन अगले ही दिन शनिवार को भट्टा बस्ती इलाके के पास में ही स्थित शास्त्री नगर में 850 किलो नकली पनीर बरामद किया गया इस पनीर के भी सैंपल लिए गए हैं और लेबोरेटरी में जांच के लिए भेजे गए हैं तथा बरामद किए गए नकली पनीर को नष्ट भी करवायागया जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार में मिलावट खोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है और पिछले 2 साल में खाद्य विभाग और चिकित्सा विभाग की टीमों की ओर से नियमित रूप से नकली खाद्य पदार्थ का निर्माण करने वाले और बेचने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है लेकिन इसके बावजूद भी जयपुर में मिलावट खोरी का गोरख धंधा जोर-शोर से चोरी छुपे संचालित हो रहा है जो लोगों की सेहत के लिए काफी नुकसानदायक साबित हो रहा है हालांकि चिकित्सा विभाग और खाद्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है लेकिन आए दिन भारी मात्रा में बरामद किए जा रहे नकली खाद्य पदार्थों से यह तो कहना ही पड़ेगा की जयपुर में नकली खाद्य पदार्थ तैयार करने का यह गोरख धंधा अब से नहीं बल्कि कई सालों से संचालित हो रहा है इसीलिए इस धंधे ने जयपुर में गहरी जड़े जमाली है जिसकी वजह से प्रदेश के चिकित्सा विभाग और खाद्य विभाग को इन जड़ों की परत को आए दिन खिल रही है जानकार लोगों का कहना है कि खाद्य विभाग और चिकित्सा विभाग की ओर से ज्यादातर होली दिवाली और बड़े त्योहार से कुछ दिन पहले ही इस तरह की छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जाता रहा है अन्यथा और दोनों में इस तरह से छापामार कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया जाता इसीलिए मिलावट खोरी का धंधा करने वाले लोगों के हौसले बुलंद होते रहे लेकिन पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार के दौरान रसद विभाग और चिकित्सा विभाग नियमित रूप से नकली खाद्य पदार्थ बनाने वाले अड्डों का पर्दाफाश कर रही है जो अच्छी खबर मानी जा सकती है ।

## राजस्थान में भारत पाक सीमा पर 'ऑपरेशन सर्द हवा' में ऊंट पर सवार होकर निगरानी कर रहे बीएसएफ के जवान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** देश की सुरक्षा एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस पर देश के कई प्रमुख शहरों में सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर हाई अलर्ट जारी किए हैं सुरक्षा एजेंसी को कुछ इस तरह के इनपुट मिले हैं कि आतंकवादियों की घुसपैठ हो सकती है और आतंकी हमले भी हो सकते हैं इसी के मध्य नजर राजस्थान पुलिस भी अलर्ट मोड पर है खासतौर से राजस्थान की लंबी सीमा पाकिस्तान की सीमा से जुड़ी हुई है राजस्थान के श्रीगंगानगर जैसलमेर बाड़मेर जोधपुर बीकानेर जिले पाकिस्तान की सीमा से जुड़े हुए हैं यहां भारत पाक सीमा पर जबरदस्त तारबंदी भी है लेकिन जनवरी के महीना में अधिक सर्दी घना कोहरा और दृश्यता कम होने की वजह से सीमा पार से घुसपैठ, अफीम चरस मादक पदार्थों की तस्करी और कई अन्य अनैतिक गतिविधियों होने के ज्यादा चांस हो जाते हैं कड़ाके की ठंड और रेतीला इलाका होने की वजह से कम दृश्यता का लाभ उठाकर आतंकवादी सीमा में प्रवेश करने का प्रयास करते रहते हैं इसलिए हर साल बीएसएफ की ओर से ऑपरेशन सर्द हवा अभियान का आयोजन किया जाता है और यह अभियान 26 जनवरी के आसपास किया जाता है जिसमें साल 22 जनवरी से ऑपरेशन सर्द हवा अभियान को शुरू किया है जिसमें एक तरफ जहां बीएसएफ के जवान दोनों देशों की सीमा की तारबंदी के पास ऊंट पर सवार होकर निगरानी करते हैं तो दूसरी तरफ बीएसएफ के अधिकारी भी नियमित रूप से पेट्रोलिंग करते रहते हैं रात्रि दौरान भी अधिकारी पेट्रोलिंग के माध्यम से कड़ी निगरानी रखते हैं इसके अलावा संबंधित जिला पुलिस से भी बीएसएफ के अधिकारी नियमित रूप से संपर्क में रहते हैं और सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य मुद्दों को लेकर आपस में



नियमित रूप से मीटिंग और चर्चा करके संपर्क में बने रहते हैं तथा संयुक्त रूप से इस अभियान को संपादित करते हैं जानकारी के अनुसार बीएसएफ प्रदेश की सीमावर्ती जिलों में निगरानी के लिए अत्यधिक यंत्रों और उपकरणों का भी उपयोग कर रही है क्योंकि पाकिस्तान की ओर से अनैतिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आजकल ड्रोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं इसलिए पाकिस्तान की ओर से आने वाले ड्रोन को आसमान में ही उड़ा देने के लिए बीएसएफ के जवान तत्परता से पूरी तैयारी के साथ खड़े हैं कई बार बीएसएफ और राजस्थान पुलिस ने सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान के द्वारा राजस्थान की सीमा में गिराए गए ड्रोन को बरामद भी किया है इसलिए ड्रोन हमलों से बचने के लिए बीएसएफ और पुलिस ने अलग से अपनी तैयारी की हुई है पिछले दिनों देश की सुरक्षा एजेंटीयों ने देश के प्रमुख शहरों और मंदिरों में आतंकी हमले होने की आशंका जताई थी इसलिए राजस्थान की सीमा पर बीएसएफ की ओर से एक तरफ जहां सुरक्षा के लिए जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है तो दूसरी तरफ अधिकारी भी नियमित रूप से सीमा पर पेट्रोलियम कर रहे हैं ।

# अल्पसंख्यक समाज में भाजपा की रीति-नीति को आगे बढ़ाने का कार्य करे मोर्चा- मदन राठौड़

### केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएं कार्यकर्ता- जमाल सिद्दीकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा



के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने शनिवार को जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेशभर से आए अल्पसंख्यक समाज के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों तथा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने विधिवत रूप से हमीद खान मेवाती को प्रदेशाध्यक्ष पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मदन राठौड़ ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रदेशभर में उन राजनीतिक दलों को बेनकाब करें, जो केवल समाज के नाम पर तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं, जबकि भाजपा ने सदैव सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा, विकासपरक नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को अल्पसंख्यक समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य करें। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के उत्थान, शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं की सही जानकारी समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने की जिम्मेदारी अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं की है।

## कहानी

### प्रभु श्रीराम की पितृभक्ति

राजा दशरथ ने अयोध्या के सिंहासन पर श्रीराम का राजतिलक करने का निर्णय लिया था । राजा दशरथ के इस निर्णय से उनकी रानियां कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी अति प्रसन्न हुईं ।

रानी कैकेयी के महल मे मंथरा नामक एक दासी सेवा करती थी । श्रीराम के राजतिलक की वार्ता सुनने पर उसने कैकेयी के मन मे जहर भर दिया । मंथरा कैकेयी से बोली, 'श्रीराम के राजा बनने से भरत उनका सेवक बन जाएगा और भरत को राजा की आज्ञा का पालन करना पडेगा । आप राजा से भरत के लिए राज्याभिषेक और राम के लिए 14 वर्षों का वनवास, ये दो वर मांग लीजिए ।'

इधर श्री राम के राज्याभिषेक की तैय्यारी उत्साह से चल रही थी । राज्याभिषेक का मंगल दिन आया । राज्याभिषेक से कुछ समय पूर्व रानी कैकेयी ने दशरथ से दो वर मांगे । एक बार राजा दशरथ को कैकयी ने युद्ध में सहायता की थी तब राजा दशरथ ने प्रसन्न होकर कैकेयी को 2 वर मांगने हेतु कहा था; परंतु उस समय कैकयी ने राजा से कहा कि समय आने पर वे दो वर मांग लेंगी । कैकयी ने वही दो वर मांगे । राजा ने वर पूरे करने का वचन दिया हुआ था । इसलिए वह वचनबद्ध थे । रानी कैकयी ने दो वरों में से एक वर से भरत का राज्याभिषेक और दूसरे से प्रभु श्रीराम को 14 वर्ष के वनवास की मांग की । राम का वनवास और उनका वियोग इसकी कल्पना भी राजा नहीं कर सकते थे ।

उसी समय अयोध्या के प्रधान सुमंत पहुंचे । उन्होंने राजा को कहां 'राजन्, राज्याभिषेक की पूरी तैय्यारी हो गई है ।' राजा दशरथ ने सुमंत से श्रीराम को तुरंत लाने के आज्ञा दी ।

सुमंत का संदेश मिलते ही श्रीराम दशरथजी के महल पहुंचे । वहां पर श्रीराम ने देखा कि राजा दुखी, उदास और चिंतित हृदय से खडे हैं । राजा को ऐसी स्थिती में देखकर श्रीराम भी चिंतित हो गए । उन्होंने रानी कैकेयी को राजा अर्थात पिता के दुखी होने का कारण पूछा ।

कैकेयी ने कहा, 'यदि आप राजा के मन की बात का पूरी तरह पालन करोगे, तब ही मैं तुम्हे राजा के मन की बात बताऊंगी ।' कैकेयी के शब्दों से श्रीराम व्यथित हो गए । उन्हें लगा कि उनके पिता को उनकी पितृभक्ति पर संदेह है ।

श्रीराम माता कैकेयी से बोले, ''देवी ! मेरे विषय में इस प्रकार के वचन ना बोले । पिता की आज्ञा से मैं आग में भी कूद जाऊंगा । मेरे दाता, गुरु और पिता ने आज्ञा दी तो मै जहाल विष का प्राशन करूंगा अथवा समुद्र में भी कूद जाऊंगा ।

राजा दशरथ की आज्ञा उनके अथवा रानी कैकेयी के मुख से सुनने से पहले ही श्रीराम ने प्राण अर्पण करने की भाषा बोली थी । इससे पता चलता है कि उनकी पितृभक्ति कितनी निष्ठावान थी ।

अपने पिता राजा दशरथ को दुखी देखते ही श्रीराम ने स्वयं के संदर्भ मे संदेह व्यक्त किया । अंत मे श्रीराम ने कैकेयी से कहा, 'जिन्होंने मुझे जन्म दिया है, जिन्हें मैं प्रत्यक्ष देवता मानता हूं, उनकी आज्ञा का पालन मैं अवश्य करूंगा । वनवास जाने से पूर्व श्रीराम ने अपने पिता दशरथजी को पिता के आज्ञा का पालन करने का महत्त्व बताया । कहा,' हे तात, देवताओं ने भी पिता को ही देवता माना है । इसलिए देवता समझकर ही मैं आपकी आज्ञा का पालन करूंगा । कैकेयी ने राजा दशरथ की आज्ञा श्रीराम को बतायी, 'तुम्हें 14 वर्ष के लिए वनवास जाना है, यही तुम्हारे पिता की आज्ञा है ।' कैकेयी से यह जानने के पश्चात कोई भी प्रश्न पूछे बिना श्रीराम ने अपनी संपत्ती, ऐश्वर्य और पृथ्वी के साम्राज्य का त्याग कर दिया और एक व्रताचरण के रूप में वनवास चले गए । इस एक घटना के कारण श्रीराम जी की पितृभक्ति आकाश से बडी हो गई ।

# जन सुरक्षा की घातक अनदेखी



आशा जैन
वरिष्ठ पत्रकार

देश भर में शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते दिखाई देते हैं। खुले नाले, बिना ढकी सीवर लाइनें, सड़क किनारे खुदाई और गड्ढे आम हो चुके हैं। सड़कों पर पड़ी निर्माण सामग्री यातायात को संकरा भी करती है और रात में गंभीर खतरा भी पैदा करती है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब सड़कें महीनों तक खोदकर छोड़ दी जाती हैं और निर्माण सामग्री बिना रिफ्लेक्टर के बिखरी रहती है। कम रोशनी में वह दिखती नहीं। ये व्यवस्थागत विफलताएं हैं, जिन्हें हम तब तक अनदेखा करते रहते हैं, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। इस स्थिति के लिए केवल सरकारी एजेंसियां जिम्मेदार नहीं। बिल्डर सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हैं, खनन माफिया ओवरलोडेड वाहनों से सड़कों को नुकसान पहुंचाते हैं और छोटे ट्रक भार सीमा की अनदेखी करते हैं। मुनाफे को मानव जीवन से ऊपर रखा जाता है। स्थिति तब और बिगड़ती है जब प्रशासन चुप्पी साध लेता है। उदासीनता, राजनीतिक दबाव, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली गठजोड़ के कारण निगरानी कमजोर पड़ जाती है और उल्लंघन बिना रोक-टोक जारी रहते हैं। उत्तराखंड के




नोएडा में 27 साल के इंजीनियर युवराज मेहता की मौत न किसी युद्धभूमि पर हुई, न किसी प्राकृतिक आपदा में, बल्कि उस सामान्य सड़क के किनारे पर हुई, जिस पर हम रोज बेफिक्री से सफ़र करते हैं। इस युवा की कार कोहरे के कारण एक निर्माणाधीन माल के पानी भरे में बेसमेंट में जा गिरी और तमाम लोगों की उपस्थिति में उसकी उसमें डूबने से मौत हो गई।

यह घटना हमारे नगर निकायों, विकास एजेंसियों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों की गहरी असंवेदनशीलता को उजागर करती है। हादसे के बाद युवराज लगभग 90 मिनट तक जीवित था। उसकी कार एक गड्ढेनुमा बेसमेंट में इसलिए जा गिरी, क्योंकि उसे बिना बैरिकेड, चेतावनी बोर्ड, रोशनी या रिफ्लेक्टर के खुला छोड़ दिया गया था। ठंडे पानी में वह अकेला संघर्ष करता रहा और मदद की गुहार लगाता रहा। उसके पिता भी मौके पर पहुंचे और बचाव दल के कर्मचारी भी, पर वे लगभग दो घंटे तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर सके।

कभी ठंडे पानी का हवाला दिया, तो कभी उपकरणों की कमी का बहाना बनाया। युवराज प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हुआ। ऐसी घटनाओं पर जन आक्रोश स्वाभाविक है। ये अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं। ये एक गहरी और लगातार बनी रहने वाली प्रणालीगत विफलता के लक्षण हैं। ऐसे खतरे हर शहर में मौजूद हैं, बस तब तक अनदेखे रहते हैं, जब तक किसी की जान नहीं चली जाती। किसी भी त्रासदी को समझने के लिए उसके पहले की लापरवाही की श्रृंखला को देखना जरूरी है। नोएडा में जिस गड्ढे में युवराज की कार गिरी, वहां पहले भी सड़क किनारे कटाव और पानी भरने को लेकर चेतावनियां दी गई थीं। फिर भी कुछ नहीं किया गया। न बैरिकेड थे, न चेतावनी संकेत और न ही पर्याप्त रोशनी, जबकि ये बुनियादी सुरक्षा उपाय हैं।

देश भर में शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते दिखाई देते हैं। खुले नाले, बिना ढकी सीवर लाइनें, सड़क किनारे खुदाई और गड्ढे आम हो चुके हैं। सड़कों पर पड़ी निर्माण सामग्री यातायात को संकरा भी करती है और रात में गंभीर खतरा भी पैदा करती है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब सड़कें महीनों तक खोदकर छोड़ दी जाती हैं और निर्माण सामग्री बिना रिफ्लेक्टर के बिखरी रहती है। कम रोशनी में वह दिखती नहीं।

ये व्यवस्थागत विफलताएं हैं, जिन्हें हम तब तक अनदेखा करते रहते हैं, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। इस स्थिति के लिए केवल सरकारी एजेंसियां जिम्मेदार नहीं। बिल्डर सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हैं, खनन माफिया ओवरलोडेड वाहनों से सड़कों को नुकसान पहुंचाते हैं और छोटे ट्रक भार सीमा की अनदेखी करते हैं। मुनाफे को मानव जीवन से ऊपर रखा जाता है। स्थिति तब और बिगड़ती है जब प्रशासन चुप्पी साध लेता है। उदासीनता, राजनीतिक दबाव, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली गठजोड़ के कारण निगरानी कमजोर पड़ जाती है और उल्लंघन बिना रोक-टोक जारी रहते हैं। उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर में खतरनाक सड़कों को लेकर लोक निर्माण विभाग के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने का मेरा अनुभव यही दर्शाता है। गलती सुधारने के बजाय पूरा तंत्र खुद को बचाने में जुट गया। यह मानसिकता आज भी मौजूद है।

एक परिचित सड़क पर चलते हुए किसी भी चालक को पानी से भरे गड्ढे का सामना नहीं करना चाहिए। कोहरे का बहाना भी स्वीकार्य नहीं, क्योंकि सर्दियों में वह होता ही है। गंभीर बात यह है कि नोएडा में उसी स्थान पर कुछ दिन पहले ऐसा ही हादसा हो चुका था, फिर भी सुरक्षा उपाय नहीं किए गए। वह उच्च जोखिम वाले 'ब्लैक स्पाट' था, क्योंकि वहां खराब रोशनी, अंधा मोड़, जमा पानी और गहरा गड्ढा था। कई आपातकालीन एजेंसियां घटनास्थल पर गईं, लेकिन उनके पास न पर्याप्त उपकरण थे, न समन्वय और न ही तत्परता। जब पुलिस, एसडीआरएफ और फायर सर्विस जैसी प्रणालियां मौजूद हों, तो ऐसी असहाय स्थिति अक्षम्य है।

यह त्रासदी पूरी तरह रोकी जा सकती थी। खतरे की पहचान पहले ही हो जानी चाहिए थी। सड़क के पास किसी भी खुदाई को बैरिकेड, रिफ्लेक्टर, चेतावनी लाइट और रेलिंग से सुरक्षित करना अनिवार्य है। अंधे मोड़ कभी भी असुरक्षित जल निकायों की ओर नहीं खुलने चाहिए। निर्माण स्थलों को रात भर असुरक्षित छोड़ने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा आडिट अनिवार्य हों और नागरिक शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई हो। यदि बेहतर सुसज्जित एसडीआरएफ टीम को समय रहते बुलाया जाता और वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत सूचित किया जाता, तो शायद परिणाम अलग हो सकता था। आपातकालीन दलों का काम जोखिम से बचना नहीं, बल्कि उससे निपटना है।

जहां नोएडा ने बुनियादी ढांचे की विफलता दिखाई, वहीं इंदौर ने नागरिक स्वास्थ्य सुरक्षा की कमजोरी को उजागर किया। बदबूदार पानी की शिकायतों के बावजूद समय रहते कार्रवाई नहीं हुई और दूषित पानी से कई लोग मर गए। यह उस शहर में हुआ, जिसे स्वच्छता के लिए सराहा जाता है। दिखावटी उपलब्धियां वास्तविक सार्वजनिक स्वास्थ्य सतर्कता का विकल्प नहीं हो सकतीं। हम प्रायः टूटी सड़कों, रिसती पाइपलाइनों और असुरक्षित निर्माण को सामान्य मान लेते हैं। शासन निवारक होने के बजाय प्रतिक्रियात्मक बन जाता है।

## सम्पादकीय


### आवारा कुत्ते, सुप्रीम कोर्ट और इंसान की



आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में रखी जा रही दलीलों से अभी कोई नतीजा भले नहीं निकला हो, लेकिन अदालत ने इस समस्या का ठोस हल निकालने का साफ संदेश दिया है। इसके बरक्स कुछ लोगों को पशुओं के प्रति संवेदनहीनता दर्शाने और कानूनों को ताक पर रखने में हिचक नहीं हो रही है, तो यह मानवीय संवेदना और समझ पर एक सवालिया निशान है। अगर आवारा कुत्तों की वजह से कोई समस्या पैदा हो रही है, तो उससे बचाव के लिए उचित उपाय निकालने के लिए सरकार से मांग करने और अपने स्तर पर भी सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके बजाय अगर कुछ लोगों को कुत्तों को मार डालने जैसे क्रूर रास्ते अपनाना सही लग रहा है, तो यह एक बेहद अफसोसनाक स्थिति है। गौरतलब है कि तेलंगाना के याचाराम गांव में बुधवार को कुछ लोगों ने कम से कम सौ कुत्तों को कथित तौर पर जहर देकर मार डाला। पुलिस के मुताबिक, ताजा घटना इस महीने तेलंगाना के कई जिलों में अब तक लगभग पांच सौ आवारा कुत्तों को मार डालने के बाद सामने आई है। यह समझना मुश्किल है कि आवारा कुत्तों के टीकाकरण, बंध्याकरण और उन्हें अनुकूल पर्यावास मुहैया कराने के लिए सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग करने के बजाय लोगों को मानवीय संवेदना के न्यूनतम तकाजों को भी ताक पर रखना क्यों जरूरी लग रहा है। ऐसे लोगों को संभवतः पशु क्रूरता निवारण से जुड़े कानून की भी कोई फिक्र नहीं है, जो जानवरों को अनावश्यक दर्द पहुंचाने और पीड़ा देने से रोकता है और इसका उल्लंघन करने वालों के लिए दंड का प्रावधान करता है। विडंबना यह है कि आवारा कुत्तों के काटने या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद सरकारें रिहायशी इलाकों से उन्हें हटाने या इस समस्या का हल निकालने को लेकर ज्यादा संवेदनशील नहीं दिखतीं। आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने और उनके आक्रामक होते जाने पर पहले ही उपाय कर लिए जाते, तो यह समस्या आज इतनी गंभीर नहीं होती, जितनी दिख रही है।

# ट्रंप के सामने डटकर खड़े होना होगा

ग्रीनलैंड पर ट्रंप के प्रलाप ने अंततः विश्व नेताओं को अमेरिकी खतरे के प्रति जागरूक करने का काम तो किया है। इसी संदर्भ में बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी. वेवर ने कहा, 'अब तक हमने व्हाइट हाउस में नए राष्ट्रपति की संतुष्टि के लिए पूरे प्रयास किए। यहां तक कि टैरिफ के मामले में भी हम इस उम्मीद से उदार रहे कि चलो यूक्रेन युद्ध में उनकी मदद हासिल होगी।' अब ऐसी उम्मीदें निराशा में बदलती जा रही हैं। वेवर के कहने का आशय यही है कि अब सभी लक्ष्मण रेखाएं लांघी जा रही हैं और समझना चाहिए कि खुशी-खुशी किसी के खेमे में रहना और दयनीय दशा वाले गुलाम वाली स्थिति में जमीन-आसमान का फर्क है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने भी कहा कि तुष्टीकरण केवल कमजोरी का संकेत है। उनका कहना है कि यूरोप कमजोर होना गवारा नहीं कर सकता, अपने सहयोगियों और न ही विरोधियों के सामने। वे



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक खासियत यह है कि वे कमजोर पहलुओं को निशाना बनाने में पीछे नहीं रहते और दृढ़ता के समक्ष ठिठक जाते हैं। यूरोप आज जिन समस्याओं से दो चार है, उनका एक प्रमुख कारण यही है कि लंबे समय से वह पूर्व में रूस तो पश्चिम की ओर से दस्तक दे रही चुनौतियों के प्रति बेपरवाह रहा। ट्रंप यही मानते हैं कि यूरोपीय नेता कमजोर हैं। उन्होंने यूरोपीय नेताओं को टैरिफ की धमकी दी तो वे उनके सामने झुक भी गए। इसे अपने लिए मौका समझते हुए ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे और एक तरह से नाटो को समाप्त करने का शिगूफा छेड़ा और यूरोप को चेताया कि अगर इस राह में अवरोध खड़ा किया तो नए व्यापार युद्ध के लिए तैयार रहें। दावोस में यूरोपीय प्रतिरोध पर प्रतिक्रिया के बीच ग्रीनलैंड के मुद्दे पर उन्होंने यही कहा कि उसे हासिल करने के लिए वे बल प्रयोग नहीं करेंगे। हालांकि हाल-फिलहाल उन्होंने नए टैरिफ को भी अभी टालने के संकेत ही दिए हैं। इससे कुछ दिन पहले ही उन्होंने एक नक्शे में ग्रीनलैंड, कनाडा और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया था।

ग्रीनलैंड पर ट्रंप के प्रलाप ने अंततः विश्व नेताओं को अमेरिकी खतरे के प्रति जागरूक करने का काम तो किया है। इसी संदर्भ में बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी. वेवर ने कहा, 'अब तक हमने व्हाइट हाउस में नए राष्ट्रपति की संतुष्टि के लिए पूरे प्रयास किए। यहां तक कि टैरिफ के मामले में भी हम इस उम्मीद से उदार रहे कि चलो यूक्रेन युद्ध में उनकी मदद हासिल होगी।' अब ऐसी उम्मीदें निराशा में बदलती जा रही हैं। वेवर के कहने का आशय यही है कि अब सभी लक्ष्मण रेखाएं लांघी जा रही हैं और समझना चाहिए कि खुशी-खुशी किसी के खेमे में रहना और दयनीय दशा वाले गुलाम वाली स्थिति में जमीन-आसमान का फर्क है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने भी कहा कि तुष्टीकरण केवल कमजोरी का संकेत है। उनका कहना है कि यूरोप कमजोर होना गवारा नहीं कर सकता, अपने सहयोगियों और न ही विरोधियों के सामने। वे मानते हैं कि तुष्टीकरण का कोई परिणाम नहीं मिलता और केवल अपमान एवं उत्पीड़न झेलना पड़ता है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने भी ट्रंप की ताजा टैरिफ धमकियों को अस्वीकार्य ठहराया है। एक तरह से उन्होंने ट्रंप को पुतिन के खतरे की भांति मानते हुए कहा कि कोई भी धमकी या डर हमें विचलित नहीं कर सकती, न यूक्रेन में और न ग्रीनलैंड में। यूरोप के मुकाबले उससे बाहर के नेता ट्रंप के विरुद्ध मुखर होने में खासे प्रभावी रहे। इनमें से एक हैं चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग। उन्होंने ट्रंप के कड़े टैरिफ के जवाब में दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर प्रतिबंध के जरिये अमेरिका को करारा जवाब देकर उसे रुख बदलने पर मजबूर तक कर दिया। वास्तव में उसके बाद से बीजिंग को लेकर ट्रंप के तेवर कई मामले में नरम दिखे हैं। फिर चाहे चीन को अत्याधुनिक चिप की आपूर्ति हो या जापान-ताइवान को डराने-धमकाने के उसके तौर-तरीकों को लेकर मौन धारण करना हो। दूसरे नेता हैं कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी। उनके पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो ने ट्रंप के प्रति नरमी दिखाई तो बदले में ट्रंप ने उनसे कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कही। इसके उलट शुरुआत से ही कार्नी ने विनम्रता के साथ उतनी ही दृढ़ता भी दिखाई, जिसका परिणाम यह निकला कि ट्रंप का लहजा भी कुछ सम्मानजनक हुआ। ओटावा ने हाल में बीजिंग के साथ एक बड़ा व्यापार समझौता भी किया और कहा कि अमेरिका की तुलना में चीन अब कहीं कम अनिश्चितताओं वाला साझेदार है।

# ट्रंप की निजी जागीर




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी ओर से गठित बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का निमंत्रण कनाडा से जिस तरह वापस लिया, वह उनके अस्थिर और मनमाने व्यवहार का ताजा उदाहरण है। इस बोर्ड के गठन का उद्देश्य इजरायली हमले में तबाह हुए गाजा का विकास करना है। ट्रंप ने करीब 60 देशों को इसमें शामिल होने का निमंत्रण दिया था, जिनमें भारत भी है। पिछले दिनों दावोस में उन्होंने 19 देशों के साथ इस बोर्ड की औपचारिक शुरुआत भी कर दी, लेकिन उसके कुछ ही घंटों बाद कनाडा को उससे बाहर भी कर दिया। ट्रंप ने यह फैसला कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के दावोस में ही दिए गए उस संबोधन से खफा होकर लिया, जिसमें उन्होंने महाशक्तियों की मनमानी की पोल खोलते हुए अमेरिका को खास तौर पर खरी-खरी सुनाई थी। इस संबोधन ने इसलिए दुनिया भर का ध्यान खींचा, क्योंकि इसमें यह साफ कहा गया था कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देशों की ओर से बनाई गई नियम आधारित विश्व व्यवस्था आंशिक रूप से झूठी थी। कार्नी का यह भी कहना था कि जब अमेरिका मनमानी कर रहा है, तब अन्य देशों को एकजुट होना होगा। स्पष्ट है कि ट्रंप को यह रास नहीं आया। वे उनसे इसलिए भी चिढ़े हुए हैं, क्योंकि उन्होंने चीन से संबंध सुधारने की पहल की है। ट्रंप ने जिस तरह कनाडा को बोर्ड ऑफ पीस से बाहर किया, उससे इसकी ही पुष्टि होती है कि यह निकाय उनकी निजी जागीर है और इसे वह मनमाने तरीके से ही चलाने वाले हैं। वे इसके जरिये कथित तौर पर केवल गाजा का ही विकास करने की बातें नहीं कर रहे हैं, बल्कि अन्य संघर्षों से निपटने के लिए भी इसका इस्तेमाल करने के संकेत दे रहे हैं। आखिर जो काम संयुक्त राष्ट्र को करना चाहिए, उसे ट्रंप अपनी आजीवन अध्यक्षता वाले बोर्ड से क्यों करना चाहते हैं? चूंकि वे ऐसे ही इरादे जता रहे हैं, इसलिए इस बोर्ड से अधिकांश प्रमुख देशों ने दूरी बना रखी है। यह एक तरह से ट्रंप को दी जाने वाली चुनौती है। फिलहाल भारत भी बोर्ड ऑफ पीस से दूर है। यह ठीक भी है, क्योंकि इसमें वह पाकिस्तान भी शामिल है, जो आतंकवाद के साथ उस हमास का भी समर्थक है, जिसने इजरायल पर भीषण आतंकी हमला किया था।

# कृषि यन्त्र मिलने पर कृषक दूलीचन्द का खिला चेहरा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार गिरदावर सर्किल काजीपुरा में ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें अग्रिम दलों का गठन किया गया जिनकी ओर से कृषि विभाग से सम्बन्धित सभी संचालित योजनाओं का लाभ आम किसानों को दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें प्रार्थी दूलीचन्द पुत्र रामचन्द्र कुमावत निवासी काजीपुरा ने कृषि विभाग में कृषि यन्त्र के लिए आवेदन किया था। शिविर में उपखण्ड अधिकारी ऋषिराज कपिल पर्यवेक्षण अधिकारी नयाब तहसीलदार सांभरलेक शिविर प्रभारी लक्ष्मीनारायण व सह प्रभारी सहायक कृषि अधिकारी के समक्ष परिवेदना रखी जिस पर सम्बन्धित कृषि अधिकारी हंसा गुर्जर, कृषि पर्यवेक्षक रजना चौधरी को निर्देश दिए जिस सम्बन्धित अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए आवेदन स्वीकृत किया। जिस पर उक्त किसान ने अवगत कराया कि कृषि यन्त्र मिलने से कृषि कार्यो में बहुत सहायता प्राप्त होगी और घर पर खुशियां आएंगी। इस कारण उपस्थित सभी किसानों ने खुशी व्यक्त करते हुए इस प्रकार के शिविरो का आयोजन करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# वाटिका मे यातायात जन चेतना रैली निकाली




जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के वाटिका मे राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ सांगानेर के तत्वावधान में एम बोहरा राउमावि (अंग्रेजी माध्यम) स्कूल वाटिका में आयोजित द्वितीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में शनिवार को वार्ड पार्षद मुकेश कुमार बैरवा ने ध्वजारोहण कर स्काउट गाइड को देश व समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड की यातायात व सडक सुरक्षा जन चेतना को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से सामुदायिक भवन, अम्बेडकर सर्किल, होते हुए नगरपालिका कार्यालय तक जाकर वापस विद्यालय परिसर में पहुंची गाइडर डॉ.सरला बैरवा ने बताया कि स्काउट गाइड शिविर में स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुरा, बीलवा, वाटिका के 65 स्काउट गाइड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। 21 से 25 जनवरी का संचालन बिहारी शर्मा, जया पूनिया व सेवादल गाईड्?स प्रितिका बैरवा, लक्ष्मी सेनी, नैनसी, खुशबू बिट्टू कुमारी की ओर से किया जा रहा है। शिविर रविवार को प्रार्थना सभा व जाँच कार्य के बाद शिविर समाप्त होगा। डॉ.सरला बैरवा ने बताया कि शिविर में स्काउट गाइड प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, कंपास, दिशमान, बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान ध्वज शिष्टाचार आदि का प्रभावी प्रशिक्षण के गाइड को नियम, झंडों की जानकारी आदि का प्रभावी प्रशिक्षण दिया गया।

# काचरोदा फाटक के पास युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** कस्बे के समीप काचरोदा फाटक स्थित पुलिया के पास एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस थाना फुलेरा की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार को टेलीफोन के माध्यम से सूचना मिली थी कि पुलिया के नीचे एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मृत पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची, जहाँ एक अज्ञात पुरुष मृत अवस्था में मिला। शव की पहचान नहीं होने के कारण उसे एसडीएच अस्पताल फुलेरा की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक ने नीले रंग की टी-शर्ट व गहरे रंग की जीन्स पहन रखी थी। मृतक के दाएं हाथ पर अंग्रेज़ी में (SKV) गुदा हुआ है। प्रथम दृष्टया युवक की मृत्यु अत्यधिक ठंड के कारण होना प्रतीत हो रही है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिए राजस्थान सहित हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के समस्त थानों को सूचना प्रेषित कीभीहै। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो पुलिस थाना फुलेरा से संपर्क करें। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



# पुलिस थाना फुलेरा को बड़ी सफलता, भरण-पोषण मामले में तीन साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**फुलेरा(निस)।** पुलिस थाना फुलेरा को भरण-पोषण के प्रकरण में उल्लेखनीय सफलता मिली है। पुलिस ने तीन वर्षों से फरार चल रहे और कुल छह स्थायी वारंटों में वांछित स्थायी वारंटी रमेश चन्द्र को गिरफ्तार किया है। उप महानिरीक्षक पुलिस व सह-पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी (आईपीएस) ने बताया कि जिले में स्थायी वारंटियों, उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## नाम परिवर्तन

मेरा नाम पूर्व के दस्तावेजों में नाम अचाना देवी पत्नी मोहन सिंहअंकित है। वर्तमान में मेरा नाम अजन कंवर पत्नी स्व मोहन सिंह लेसनायक 8004104 निवासी राजपूतों का मोहल्ला काजीपुरा तहसील फुलेरा जिला जयपुर के नाम से अंकित है । मुझे इसी नाम से जाना जाए ।

# मनरेगा बचाओ अभियान: ग्रामीण मंडलों में कांग्रेस की सभाएं

## रोजगार पर असर को लेकर जताई चिंता

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** कांग्रेस की ओर से सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा, पीसीसी प्रभारी मकसूद अहमद व ब्लॉक अध्यक्ष गणेशमल चौधरी के सानिध्य में विभिन्न ग्रामीण मंडलों में सभाओं का आयोजन किया गया। सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला कार्यकर्ता व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बसभाओं को संबोधित करते हुए हरिशंकर मेवाड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा योजना में किए गए बदलावों और इसके नाम में परिवर्तन से ग्रामीण रोजगार व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा गरीब, मजदूर और जरूरतमंद परिवारों के लिए रोजगार की मजबूत गारंटी था, लेकिन अब कार्य के दिनों में कटौती, भुगतान में देरी और कार्य स्वीकृति में कठिनाइयों के कारण ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। मेवाड़ा ने कहा कि मनरेगा जैसी योजना से जुड़ा हर बदलाव सीधे गरीब और मजदूर वर्ग की रोजी-रोटी को प्रभावित करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण गांवों में बेरोजगारी बढ़ रही है और पलायन की स्थिति बन रही है। कांग्रेस का यह अभियान ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बचाने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मजदूर, किसान और गरीब वर्ग के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। पीसीसी प्रभारी मकसूद अहमद ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि इसमें लगातार कटौती और बदलाव किए गए तो इसका सीधा असर गांवों के गरीब परिवारों पर पड़ेगा। सभाओं में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा के तहत रोजगार सुनिश्चित करने, समय पर भुगतान और पर्याप्त कार्य उपलब्ध कराने की मांग उठाई। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरिप्रसाद मीणा, जेठूसिंह, मुकेश बरोलिया, ललित बामनिया, इंदर सिंह निंबाड़ा, नारायणलाल, प्रमोद बरोलिया, दुर्गाराम, जैसाराम बारूपाल, शैतान कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, युवा कार्यकर्ता व महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# जेडीए आयुक्त ने किया नॉलेज सिटी व सेक्टर सड़कों का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने जेडीए के उच्चाधिकारियों के साथ महल रोड, टोंक रोड, बालावाला और नॉलेज सिटी चित्तौड़ा क्षेत्र का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान जेडीसी ने जोन-22 क्षेत्र का अवलोकन किया। निरीक्षण में सामने आया कि इस क्षेत्र हमें में जेडीए जेडीए स्वामित्व की भूमि के साथ-साथ बड़ी बड़ी संख्या में निजी खातेदारों की कृषि भूमि भी है। भविष्य में यहां अनियोजित निर्माण और अव्यवस्थित बसावट को रोकने के लिए जेडीसी ने अधिकारियों को क्षेत्र में 'लैंड पूलिंग योजना' विकसित करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

## सेक्टर रोड्स और मिसिंग लिक पर फोकस:

जेडीसी ने पहाड़िया, मोहब्बतपुरा, मोहनपुरा पृथ्वी सिंह और नॉलेज सिटी चित्तौड़ा की सेक्टर सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन काश्तकारों ने अभी तक सड़क के लिए भूमि समर्पित नाहीं की है, उनसे संवाद कर भूमि समर्पण करवाने को कहा गया। साथ ही कोर्ट में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए जोन उपायुक्त को प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए। सेक्टर रोड के महत्वपूर्ण 300 मीटर के हिस्से को जल्द से जल्द क्लीयर करने के निर्देश दिए, ताकि सड़क निर्माण पूरा हो सके और शहर के हो। वहीं यातायात का दबाव कम बालावाला से चंदलाई टोंक रोड वाया लाखना-वाटिका के बीच प्रस्तावित 100-200 फीट सेक्टर में तेजी लाने को रोड के कार्यों में कहा गया। जेडीसी ने सालिगरामपुरा आरओबी के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता व समयसीमा को लेकर दिशा-निर्देश दिए। दौरे में जेडीसी के साथ निदेशक अभियांत्रिकी (द्वितीय) अजय गर्ग, अतिरिक्त आयुक्त भागचंद बधाल, संबंधित अतिरिक्त मुख्य अभियंता, उपायुक्त और अन्य वरिष्ठ अभियंता मौजूद रहे।

# ब्रिलिएंट स्कूल राजनोता में कैरियर सेमिनार, विद्यार्थियों को मिला लक्ष्य निर्धारण का मंत्र



जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** ब्रिलिएंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजनोता में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने के लिए एनएसएचआरडी एनजीओ के तत्वावधान में एक प्रेरणादायक कैरियर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, सही करियर चयन व आत्मनिर्भर भविष्य की ओर मार्गदर्शन देना रहा। इस अवसर पर पावटा एक्सप्रेस न्यूज़ चैनल के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र प्रजापति मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को प्लान की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 3डी का अर्थ डिसीजन, डिटरमिनेशन और डेडीकेशन है। यदि विद्यार्थी इन तीन सिद्धांतों को अपनाते हैं, तो वे किसी भी क्षेत्र में अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं।प्रजापति ने विद्यार्थियों को 12वीं व ग्रेजुएशन के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग्यता, रुचि व क्षमता के आधार पर किस सेक्टर में टॉप लेवल की जॉब मिल सकती है और किस क्षेत्र में बेहतर भविष्य बनाया जा सकता है। उनके प्रेरक उदाहरणों और व्यावहारिक मार्गदर्शन से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय की निदेशिका ममता सोलंकी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर प्रयास करना ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। सपने वही पूरे होते हैं, जिनके पीछे स्पष्ट लक्ष्य और कठोर परिश्रम होता है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने एनएसएचआरडी एनजीओ व मुख्य वक्ता जितेंद्र प्रजापति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपना कीमती समय निकालकर विद्यार्थियों को करियर के प्रति जागरूक किया, जो निश्चित रूप से उनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और विद्यार्थियों ने इस सेमिनार को अत्यंत ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक बताया।

# विधायक निधि के प्रभावी उपयोग में विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ सबसे आगे



## विकास को बनाया सर्वोच्च प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** राजस्थान में भजनलाल सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के बाद विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमएलए लेड) के उपयोग की तस्वीर अब साफ होती नजर आ रही है। जयपुर जिले के कई विधानसभा क्षेत्रों में जहां विधायक अब तक अपने कुल कोष का आधा हिस्सा भी खर्च नहीं कर पाए हैं, वहीं कुलदीप धनकड़ विकास कार्यों की स्वीकृति में अग्रिम पंक्ति में खड़े दिखाई दे रहे हैं। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुलदीप धनकड़ ने अब तक करीब 7.60 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह आंकड़ा न केवल जयपुर जिले के औसत से कहीं अधिक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विधायक स्तर पर योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जहां कई क्षेत्रों में विधायक निधि के उपयोग की रफ्तार धीमी बनी हुई है, वहीं विराटनगर क्षेत्र में सड़कों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा संस्थानों का विकास, सार्वजनिक भवन, खेल सुविधाएं और ग्रामीण आधारभूत ढांचे से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत किया गया है। इन स्वीकृतियों से स्पष्ट है कि योजनाओं का चयन केवल औपचारिकता तक सीमित न रहकर क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया है।

## विधायक कुलदीप धनकड़ का स्पष्ट और जनहितकारी दृष्टिकोण:

विधायक निधि के उपयोग पर प्रतिक्रिया देते हुए कुलदीप धनकड़ ने कहा कि 'क्षेत्र की जनता के लिए कार्य करना मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक निधि का उद्देश्य केवल आंकड़े बढ़ाना नहीं, बल्कि गांव-ढाणी स्तर तक वास्तविक विकास पहुंचाना है। मेरी कोशिश है कि विधायक कोष का हर रुपया जनहित और जनता की जरूरतों पर ही खर्च हो। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा, ताकि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं के मामले में और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

## जनता में सकारात्मक संदेश:

विधायक निधि के प्रभावी और पारदर्शी उपयोग से क्षेत्र की जनता में सकारात्मक संदेश गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का मानना है कि विकास कार्यों की यह निरंतरता विराटनगर को आने वाले समय में जिले के अग्रणी और विकासशील विधानसभा क्षेत्रों में मजबूत पहचान दिलाएगी। कुल मिलाकर, विधायक कुलदीप धनकड़ की कार्यशैली और विकास के प्रति प्रतिबद्धता न केवल सराहनीय है, बल्कि अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक प्रेरक उदाहरण बनकर उभर रही है।

# अंडरपास चालू होने पर रेल प्रशासन का जताया आभार

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत के प्रतिनिधिमंडल ने अपर मंडल रेल प्रबंधक अशफाक हुसैन अंसारी से मिलकर फुलेरा यार्ड के पास बने अंडरपास का समुचित मेंटेनेंस कर उसे पुनः चालू करने पर रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। संघ ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को अंडरपास में पानी भराव की समस्या को लेकर मांग उठाई गई थी, जिस पर रेल प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्य प्रारंभ कर समाधान किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर, फुलेरा के बीच शाम के समय एक नई डेमो ट्रेन चलाने की मांग करते हुए बताया कि कनकपुरा क्षेत्र के दैनिक यात्री, विशेषकर मजदूर वर्ग, को वर्तमान में भीड़भाड़ वाली जयपुर-भोपाल ट्रेन पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही फुलेरा स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर बैठने की व्यवस्था के अभाव, अधूरे पुलिया निर्माण तथा बजट स्वीकृति के बावजूद एस्केलेटर व लिफ्ट सुविधा शुरू नहीं होने की समस्याएं भी रखी गईं। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने सभी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में संघ अध्यक्ष अशोक वासदेव व संरक्षक भारत भूषण शामिल रहे।

# विप्र कल्याण बोर्ड पर सियासी चेतावनी, निर्णय नहीं हुआ तो बदलेगा चुनावी समीकरण: बसावतिया

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राज्य सरकार की ओर से विप्र कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन में हो रही देरी को लेकर मामला अब राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। विप्र सेना के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं हुआ, तो इसका असर आने वाले चुनावों में सत्ता पक्ष को भुगतना पड़ेगा। बसावतिया ने आरोप लगाया कि अन्य समाजों के लिए कल्याण बोर्ड सक्रिय हैं, बजट और योजनाएं हैं, जबकि विप्र समाज को केवल उपेक्षा और आश्वासन मिले हैं। उन्होंने इसे सरकार के दोहरे मापदंड बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति की धुरी रहे ब्राह्मण समाज को हाशिये पर धकेलना भारी भूल साबित हो सकता है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस सरकार के साथ-साथ वर्तमान सरकार पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि वही रवैया जारी रहा, तो जनादेश की अनदेखी का संदेश जनता तक जाएगा। बसावतिया ने भजनलाल शर्मा से मांग की कि विप्र कल्याण बोर्ड का तत्काल पुनर्गठन कर उसे अधिकार, बजट और स्पष्ट कार्ययोजना दी जाए और सनातननिष्ठ विप्र नेतृत्व को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाए। बसावतिया ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि समय रहते निर्णय नहीं हुआ, तो विप्र समाज चरणबद्ध आंदोलन, जनसंपर्क अभियान और चुनावी बहिष्कार जैसे विकल्पों पर विचार करेगा, जिसकी पूरी राजनीतिक जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत, सांसद को कराया अवगत

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** कस्बे की समीपवर्ती ग्राम पंचायत बरडोती के नागा की ढाणी में बारिश का पानी अभी तक भी भरा रहने के कारण ग्रामीण परेशान हैं। वहीं नाथू की ढाणी की सड़क भी क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जगह-जगह गड्ढे होने से निकलना जोखिम भरा हो गया है। इस समस्या को लेकर एडवोकेट रमेश सरस्ववा ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि सड़क पर आए दिन वाहन फंस जाते हैं और पैदल राहगीरों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। सड़क गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ती है और इसी रास्ते से स्कूली बच्चे, किसान, दुग्ध उत्पादक व अन्य ग्रामीण रोजाना आवागमन करते हैं। सड़क खराब होने से बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो रहा है, वहीं बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी दिक्कतें आ रही हैं। किसानों को खेतों से उपज लाने-ले जाने में समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग व अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें दी हैं। शिकायत पत्र में बताया गया है कि 2024 और 2025 में भी सड़क की मरम्मत के लिए आवेदन किए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# आयुर्वेद विभाग का निःशुल्क चिकित्सा शिविर 11 से 20 फरवरी तक होगा आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग की ओर से अर्श (बवासीर), भगन्दर, फिशर आदि रोगों के लिये 10 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर 11 फरवरी से 20 फरवरी तक बिजौली में आयोजित किया जाएगा। शिविर में बवासीर, भगन्दर व अन्य गुदा रोगों का आयुर्वेद क्षारसूत्र (आयुर्वेद औषधि से बने धागे) विधि से राज्य के क्षारसूत्र विशेषज्ञों की ओर से उपचार किया जायेगा। इस शिविर में गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, पेट के रोग, स्त्री रोग आदि सभी रोगों के लिए परामर्श व औषधि दी जाएगी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने आमजन से अपील की है कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में दिनचर्या, ऋतुचर्या, भोजन संबंधी और स्वस्थ रहने के नियमों से व्यक्ति को स्वास्थ्य रखा जा सकता है व रोगों का बिना किसी दुष्प्रभाव के उपचार किया जा सकता है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** बसंत पंचमी के उपलक्ष में सूर्या उदय संस्था, जयपुर की ओर से आदर्श नगर स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। ईको फ्रेंडली जूट बग्स वितरित किए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। सूर्या उदय संस्थान अध्यक्ष शोभल सिंह ने बताया कि अगर हम सब मिलकर पर्यावरण के प्रति जागरूक हो जाए तो बहुत बड़ी सफलता मिलेगी।


## गायत्री महायज्ञ में आहुतियों के जरिए विश्वकल्याण की कामना



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** विश्व कल्याण की कामना और सर्वजन हिताय के उद्देश्य से ढाढ़णिया स्कूल के निकट कालोया भवन में शनिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन आलोक कालोया के सान्निध्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह यज्ञ भारत को सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की कामना से किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि और प्रगति की कामना भी की। यज्ञ के जरिए सद्भावनाएं होती है। भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के संरक्षण व संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप यज्ञ विधि से कार्य किया जाता है। यज्ञ के माध्यम से सद्भावनाएं सशक्त होती हैं। कार्यक्रम में शिक्षाविद्द भोलासिंह यदूवंशी, कांता देवडा, मंजू दुगोलिया, कृष्ण भार्गव, गणेश सैन, दलिप सिंह शेखावत, सुरेश देवड़ा, दारासिंह, मोहन लाल, जीवराज सिंह दिनवां सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भी महायज्ञ में आहुतियां दी।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा / झुन्झुनूं(निस)।** गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया, साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'वंदे मातरम् @150' के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्राओं ने पूर्ण उत्साह से भाग लिया। संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने छात्राओं को वंदे मातरम् गीत के इतिहास के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए, राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों को बढावा देना और लैंगिक भेदभाव को दूर कर, शिक्षा को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू ने बालिकाओं के कल्याण के लिए सरकार की ओर से चलाई जाने वाली योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका समृद्धि योजना, कालीबाई भील स्कूटी योजना व विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों की विस्तृत जानकारी दी। ई.एल.सी. प्रभारी पिंकेश ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता एन.एस.एस.प्रभारी अन्जु सैनी की देखरेख में सम्पन्न हुई।

## ज्वैलर्स की दुकानों से लिए सैंपल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय मानक ब्यूरो उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से ज्वेलर्स के गहनो की जांच के लिए समय समय पर जांच अधिकारी की ओर से गहनों की गुणवत्ता की जांच की जाती है। इसी के तहत सुजानगढ़ में 9 ज्वेलर्स की दुकान से जांच अधिकारी अरुणेश दुबे, हॉल मार्किंग प्रतिनिधि की ओर से सेम्पल लिए गए। श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समिति (समाज) के अध्यक्ष अरविन्द कड़ेल, हर्ष कठातला, पवन कठातला, जितेंद्र कड़ेल, सरार्फा एशोसिएशन के अध्यक्ष सहदेव कड़ेल आदि भी मौजूद रहे।

# सांसद और विधायकों ने किया 33 विकास कार्यों का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ के ग्रामीण दौरे पर आए चूरू सांसद राहुल कस्वा ने चरला ग्राम पंचायत में करोड़ों की लागत के 33 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, प्रशासक संतोष देवी, मनसुख गोदारा को साथ लेकर सांसद ने कोड़ासर और चरला गांवों में तालाब, टीन शेड, चारदीवारी, सड़कों, ब्लॉक सड़कें, ट्यूबवैल आदि का लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद राहुल कस्वां ने चरला के स्कूल में आयोजित विशाल जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि खुली आंखों से देखे हुए सपने सच करने में विद्यार्थियों को परिश्रम करना चाहिए और अनुशासन के साथ ही सफलता को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यालय स्टाफ से कहा कि बच्चों के लाइफ स्किल, भाषा, व्यवसाय आदि पर भी ध्यान दें, ताकि आगे उन्हें प्रेक्टिकल जीवन में कोई दिक्कत न हो। सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि इस दौर में किसानों के खेती करनी काफी मुश्किल भरा काम हो गया है। क्योंकि ऐसी सरकारें आ गई, जिनके राज में नकली खादें, नकली बीज तक बन रहे हैं। उन्होंने



कहा कि सरकार किसानों को लाईन में लगाने का काम कर रही है, लेकिन हमारा संघर्ष किसानों के साथ है। राहुल कस्वा ने कहा कि 38 हजार ढ़ाणियों का सर्वे पूरा हो गया है और जल्द कार्य चालू हो जायेगा। उन्होंने सरपंच संतोष देवी, मनसुख गोदारा की मांग पर गांव में 3 हाई मास्ट लाईट्स लगवाने तथा बच्चों के लिए लाइब्रेरी विकसित करने के लिए 4 लाख रूपए दिए जाने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक मनोज मेघवाल ने कोडासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीन शेड निर्माण, चरला में अम्बेडकर भवन के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर केशराराम गोदारा, राधेश्याम अग्रवाल, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक, विद्याधर बेनीवाल, कांग्रेस नेता आनंद पिलाणिया, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष नरपत गोदारा, मोहन मेघवाल, लुहारा सरपंच एवं देहात कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र बेनीवाल, राजू सारण, कल्याणसर सरपंच विकास सारण, कांग्रेस नेता डॉ. रामेश्वर दुसाद, पूर्व सरपंच रामकरण जाखड़, पूर्व सरपंच महेश पारीक, भागीरथ गुरू आदि लोग मंचासीन रहे। कार्यक्रम के बाद ग्राम पंचायत के कार्मिकों, पंचो व अन्य जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान सांसद और विधायकों ने किया। सरपंच प्रतिनिधि मनसुख गोदारा ने आभार प्रकट किया।

### इन विकास कार्यों का लोकार्पण:

गांव चरला में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के पीछे पानी निकासी के लिए चौक निर्माण, चरला के राजकीय उ.मा. विद्यालय में टीन शेड, चरला में ओरण में स्थित ट्यूबवैल से गांव की आम गुवाड़ में निर्मित जल हौद तक पाइप लाइन, चरला के गोदारा समाज व राजपूत समाज के सार्वजनिक मोक्ष धामों में विकास कार्य, अमृत सरोवर योजना के तहत बोरड़ी जोहड़ में निर्मित मॉडल तालाब, चरला में लिछमणराम मेघवाल के घर से मालाराम सांसी के घर तक पानी निकासी के लिए ब्लॉक सडक निर्माण, चरला में गोगामेड़ी के पास रिचार्ज वैल, बाड़ा के खंडाप में पक्का तालाब का सौंदर्यकरण, बाड़ा में नायक समाज के सार्वजनिक मोक्ष धाम में विकास कार्य, बीरड़ों की ढ़ाणी राजणा स्थित राजकीय उ.प्रा. विद्यालय में टीन शेड, चरला में नायक समाज के सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार, गनोड़ा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में सामुदायिक शौचालय, गांव बाड़ा स्थित राजकीय उ.मा. विद्यालय में पानी निकासी के लिए ब्लॉक सडक, गांव बाड़ा में हस्तु देवी के घर से कालूराम नायक के घर की ओर पानी निकासी के लिए ब्लॉक सडक, पानी निकासी के लिए पूसाराम नायक के घर से कालूराम नायक के घर की ओर ब्लॉक सडक, गनोड़ा में राजकीय मा. विद्यालय में पानी निकासी के ब्लॉक सडक, कोडासर जाटान स्थित राजकीय उ.मा. विद्यालय में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा, चरला में पानी निकासी लिछमणराम बावरी के घर से मंगतूराम बावरी के घर तक ब्लॉक सडक, कोडासर जाटान में पानी निकासी के लिए खेरिया पोल से कानाराम खेरिया के घर तक ब्लॉक सडक निर्माण, कोडासर बीदावतान में पानी निकासी के लिए घंटियाल सडक से किशोर सिंह के घर तक ब्लॉक सडक, चरला में राजणा स्थित स्कूल पास निर्मित सामुदायिक भवन की मरम्मत सहित अनेक विकास कार्यों का सांसद की ओर से लोकार्पण किया गया।

## रेंवतीदेवी बैद की आंखों से दो नेत्रहीन दुनियां देखेंगे

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** श्रीडूंगरगढ़ निवासी रेंवतीदेवी बैद पत्नी माणिकचन्द बैद का शनिवार को गुरू आज्ञानुसार तिविहार संथारा लिया तथा उनका निधन हो गया। करीब तीन माह पूर्व तेपयु के नेत्रदान प्रकोष्ठ प्रभारी अशोक झाबक ने रेंवतीदेवी बैद को नेत्रदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी थी। शुक्रवार को स्वयं रेंवतीदेवी ने अपने परिजनों को नेत्रदान कराने की पेशकश की थी। उनके परिजन अशोक बैद एवं सुमन देवी बैद की सहमति पर



आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र के डॉ रविन्द्र कुमार ने श्रीडूंगरगढ़ जाकर नेत्र संग्रह किया। इस अवसर पर तेरापंथ युवक परिषद श्रीडूंगरगढ़ के नेत्रदान संयोजक अशोक झाबक, अध्यक्ष विक्रम मालू, उपाध्यक्ष चमन श्रीमाल, सुरेश भादानी, हेमराज झाबक, मोहित बैद, महेंद्र मालू, विकास मालू, लूनकरन बोथरा, सरोज दूगड़, प्रज्ञा नाहटा सहित अनेक समाज बन्धु उपस्थित रहे। उक्त जानकारी देते हुए नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि इस केन्द्र का यह 29 वां नेत्रदान है।

## ब्लॉक स्तरीय अभिभावक परामर्शदात्री कार्यशाला सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** दिव्यांग बालकों के माता पिता को दिव्यांगता से सम्बंधित जानकारी व परामर्श देने के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ताल मैदान में किया गया। कार्यशाला में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 60 दिव्यांग विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में बोलते हुए शहरी संकुल प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी बालकृष्ण कौशिक ने कहा कि दिव्यांग बालकों को बोझ न समझकर उनमें छिपी अंतर्निहित योग्यताओं को पहचान कर बढ़ावा देना चाहिए।दिव्यांग व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बैंक से लोन की सुविधा भी दी जाती है। जिसमें सब्सिडी भी दी जाती है। दिव्यांग व्यक्तियों को सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाते हुए आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। सीडब्ल्यूएसएन के प्रभारी विक्रान्त अरोड़ा ने बताया कि दिव्यांग बालकों को सरकारी नोकरी में 4' आरक्षण



निर्धारित है। यदि ऐसे बालकों को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर दिया जाए तो ऐसे बालक पढ़ लिखकर सरकारी सेवा में भी जा सकते हैं। आरपी राकेश सुथार ने बताया कि पिछले दिनों विधिक चेतना के बैनर तले दिव्यांग बालकों के लिए आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक के 8 दिव्यांग विद्यार्थियों ने मेडल जीते थे। जिन्हें कार्यशाला के दौरान मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में ईमित्र प्रभारी हरिराम पारीक ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन सहित अन्य ऑनलाइन आवेदन की जानकारी प्रदान की। शिक्षक सुरजमाल सिंह राइका, विनोद प्रजापत व सुलोचना शर्मा ने उपस्थित बालकों को प्रोत्साहित किया।

## क्षतिग्रस्त पोल से दहशत, बिजली विभाग के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के मेगा हाईवे पर महाराणा प्रताप कॉलोनी के पास मुख्य सड़क पर बिजली विभाग की 33 केवी लाइन का एक पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण वहां रहने वाले लोगों में दहशत हैं। मोहल्लेवासी जेठाराम लूहार ने बताया कि कई बार बिजली विभाग को इस पोल को लेकर शिकायत की गई लेकिन बिजली विभाग की ओर से अभी तक को कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे वार्ड के लोगों में भर व्याप्त हैं। पोल हाईटेंशन लाइन का होने के कारण हर समय हर बना रहता हैं। हमारी मांग है कि इस पोल को हटाकर दूसरा पोल यहां लगाकर वार्ड के लोगों को राहत देनी चाहिए। वार्ड के लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए समस्या के समाधान मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में जेठाराम लूहार, तनूराम लूहार, शेराराम लुहार, राजकुमार लुहार, सुरेश कुमार, मुलचंद पांडे, राहुल सैनी, ताजू खां, आंनद पड़िहार, राजकुमार, प्रदीप कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**

E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांक–नपाबी / 2025–26 / 3335 दिनांक – 20.01.2026

**निविदा सूचना**

नगरपालिका मण्डल, बीदासर द्वारा नगर पालिका स्टोर / जनस्वास्थ्य शाखा में विभिन्न सामान सप्लाई के संचालन हेतु रेट कान्ट्रेक्ट वार्षिक दर अनुबंध वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु निम्नांकित कार्य पालिका फण्ड / 15 वें वित्त आयोग / पंचम वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मद से करवाने हेतु उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रो में निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिसमें इच्छुक संवेदक अपने कार्यो हेतु पालिका द्वारा निविदाऐं दिनांक 28.01.2026 को दोपहर 01.00 बजे तक विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 28.01.2026 को दोपहर 03.00 बजे तक प्राप्त की जाकर दिनांक 28.01.2026 को दोपहर 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी निविदा कार्यो से सबंधित विवरण विभागीय वेब साईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code- DLB2526B0603 UBN NO- DLB2526SSRC31528

राज.संवाद / सी / 25 / 18303 अध्यक्ष नगरपालिका,बीदासर अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका,बीदासर



**कार्यालय ग्राम पंचायत बुकनसर बड़ा पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- ग्रा.प./निविदा/2025-26/161-162 दिनांक :- 23.01.26

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में डी.एम.एफ.टी. योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को पंचायती राज नियम 181 के तहत करवाया जाना प्रस्तावित है । जिस हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित शर्तें एवं निविदा प्रपत्र को वेब साईट http//eproc.rajasthan.gov.in & http//sppp.rajsthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलॉड कर प्राप्त की जा सकती है।

| NIB No. | UBN No. | निविदा दस्तावेज जमा करवाने एवं निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| PDN2526A0324 | PDN2526WSOB00333 | 30-01-26 |

प्रशासक ग्रा.प. बुकनसर बड़ा प.सं. सरदारशहर

ग्राम विकास अधिकारी ग्रा.प. बुकनसर बड़ा प.सं. सरदारशहर


## विराट हिंदू सम्मेलन से पूर्व धर्म ध्वजा यात्रा निकाली

### विराट हिंदू सम्मेलन का कलश यात्रा के साथ आज होगा आगाज

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को ध्यान में रखते हुए नवलगढ़ के मुख्य बाजार स्थित गणेश मंदिर में फुले बस्ती (पोद्दार कॉलेज के पास) के कार्यकर्ताओ के द्वारा धर्म ध्वज की स्थापना की गई , सर्वप्रथम गणेश मंदिर के पुजारी अनूप शर्मा में ध्वज का विधि विधान से पूजन किया। तत्पश्चात यात्रा गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। जिसमें नगर संघ चालक विश्वनाथ जोशी, खंड कार्यवाह विनोद जाखड़ और नगर कार्यवाह कमल किशोर पवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामकुमार सिंह, राठौड़, महेश मिश्रा, दीनानाथ रूंथला,पोस्ट मास्टर सत्यनारायण सिंह, राम मोहन सेकसरिया, रवि सैनी, जयंती बील, योगेन्द्र मिश्रा, पवन शर्मा, चंडीप्रसाद शर्मा सहित काफी संख्या कार्यकर्ता और मातृ शक्ति मौजूद रही। हिंदू सम्मेलन के फुले बस्ती के कार्यकर्ता मोहनलाल चूड़ीवाल, हरिराम सैनी , पंकज सैनी, नरेश हिंदू, लखन बेडवाल, मेजर डीपी शर्मा, फूलचंद सैनी निरंतर रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रहे है। 25 को कार्यक्रम की रूपरेखा के अंतर्गत सुबह 11:15 बजे से कलश यात्रा 'पंचमुखी हनुमान मंदिर' (डेरा वाली ढाणी) पोद्दार कॉलेज के पास से आरंभ होकर बस्ती में घूमते हुए कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश करेगी जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रहेगी।



## विराट हिन्दू सम्मेलन कल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मीटिंग का आयोजन सूर्य भगवान मंदिर में किया गया, जिसमें यह तय किया गया कि बुनकर बस्ती स्थित गोपाल कृष्ण शास्त्री स्कूल में 26 जनवरी को दोपहर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन से पहले सूर्य भगवान मंदिर से कलश यात्रा वाहन रैली आयोजनस्थल तक निकाली जाएगी। कार्यक्रम में सालासर के लक्ष्मी नारायण पुजारी मुख्य अतिथि होंगे। जबकि संत सानिध्य गाड़ोदा धाम के महावीर जती महाराज का मिलेगा। वहीं कार्यक्रम को सफलता को लेकर घर-घर जनसंपर्क किया जा रहा है। बैठक में अनेक लोग मौजूद रहे।



**Name Correction**

Name Correction StatementIt is respectfully submitted that in my Indian Army service records, the details of my family members have been incorrectly recorded.The name of my mother has been recorded as Teeja Devi (TEEJA DEVI) with date of birth 01.01.1964, which is incorrect. The correct name of my mother is Tija Devi (TIJA DEVI) and her correct date of birth is 01.01.1958.Similarly, the name of my father has been recorded as Satya Narayan (SATYA NARAYAN) with date of birth 24.06.1956, which is incorrect. The correct and actual name of my father is Satyanarayan (SATYANARAYAN) and his correct date of birth is 01.01.1956.Further, the name of my wife has been recorded as Vimala Devi (VIMALA DEVI), which is incorrect. Her correct name is Vimala (VIMALA).I kindly request that the above-mentioned incorrect entries be corrected as per the correct details stated above.Name: Om PrakashArmy Number: 3204832 LRank: HavildarAddress: Village Jaysangsar, Tehsil Sardarshahar, District Churu, Rajasthan


## श्रीमद भागवत है जीवन प्रणाली: स्वामी कानपुरी महाराज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव टाडां के विश्वकर्मा सेवा भवन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा वाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने शुकदेव मुनि के आगमन, राजा परीक्षित के जिज्ञासापूर्ण प्रश्न तथा श्रीमद्भागवत के दस लक्षणों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए सृष्टि की रचना से जुड़े प्रसंगों पर सारगर्भित प्रवचन दिया। महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, ज्ञान और भक्ति के



मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य प्रकाश है। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित का शुकदेव मुनि से प्रश्न मानव जीवन की सार्थकता से जुड़ा है, जिसका समाधान भागवत कथा में निहित है। भागवत के दस लक्षणोंकृसर्ग, विसर्ग, स्थान, पोषण, ऊति, मन्वंतर, ईशानुकथा, निरोध, मुक्ति और आश्रय का वर्णन करते हुए महाराज ने श्रोताओं को भक्ति भाव से ओत-प्रोत कर दिया। कथा यजमान धनराज जांगिड़ ने सपत्नीक विधिवत श्रीमद्भागवत पुराण व व्यास पीठ की पूजा-अर्चना कर कथा का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात कथा वाचक संत कानपुरी महाराज का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। कथा के दौश्रान ओमप्रकाश, गिरधारीलाल जांगिड़, ओंकारमल, श्यामलाल जांगिड़, भागीरथ जांगिड़, पृथ्वीसिंह, किसनदास स्वामी, श्रवण स्वामी, युवराज सिंह, दीनदयाल, भैरूसिंह, बजरंगलाल, नागरमल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बालेरा पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांक:- ग्रा.प. बा 2025 - 26 / 143-154 दिनांक :-24/01/2026

**निविदा सूचना 08-09/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा स्वीकृत कार्यो दो वर्षाकाल की डिफेक्टिव लाईबलिटिज हेतु सम्पादित करने के लिए उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजिकृत संवेदकों सें टेडर प्रक्रिया द्वारा आफलाईन निविदाये आमंत्रित कि जाती है। उक्त निविदाएं SPPP portel पर upload कर दी गई है।

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in or http//SPPP.rajasthan.gov.in NIB NO ZCR2526A1402 -03 UBN No ZCR2526WSOB02399-402 Download कर देखी जा सकती है ।

प्रशासक ग्राम पंचायत बालेरा पं. स. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बालेरा पं. स. बीदासर (चूरू)

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
25 जनवरी, 2026

## स्वतंत्रता सेनानी वर्मा को अर्पित की श्रद्धांजलि




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उमाजी का खेड़ा में स्वतंत्रता सेनानी व किसान आंदोलन के प्रणेता माणिक्य लाल वर्मा की 57वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे। अध्यक्षता माणिक्य लाल वर्मा स्मारक समिति के अध्यक्ष भूरालाल धाकड़ ने की। इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने माणिक्य लाल वर्मा के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद अन्य वक्ताओं ने वर्मा की ओर से देशहित व क्षेत्रहित में किए गए कार्यों की सराहना की। मंच संचालन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़ ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, डॉ. डी.एस.मेहर, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष सुगनलाल धाकड़, सुनिल जोशी, अंकित तिवाड़ी, संजय चौहान, ओमप्रकाश मेड़तिया, वेदप्रकाश तिवारी व मुकेश धाकड़ समेत कई लोग मौजूद रहे।

## खस्ताहाल सड़कों व टूटी नालियों से आमजन परेशान



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे में अधिकांश सीसी रोड खस्ताहाल होने व टूटी नालियों से आमजन व वाहन चालक परेशान हैं। भाजपा कार्यकर्ता देवीलाल कोली ने बताया कि नगरपालिका बनने से पहले सड़कों व नालियों की जो दुर्दशा थी वो आज भी कायम हैं। नगरपालिका चौक से रामद्वारा, हरिजन मोहल्ला, चारण माता, नायकों का मोहल्ला,बड़े दरवाजे के अन्दर नीम की हथाई से फूटा कोट, शहर कोट के सहारे कोली मोहल्ला होकर मंदाकिनी मार्ग फूटा कोट, बड़ी मस्जिद,भील बावड़ी, सूरजपोल से रामकुंड, छोटे दरवाजे से सलावटों का मोहल्ला, शीतला माता से बारी, तेली मोहल्ला आदि क्षेत्रों में चंबल की पाइप लाइन डालने के बाद खोदी गई सड़कों की समुचित मरम्मत नहीं की गई। टूटी सड़कों व टूटी नालियों के चलते वाहन चालकों को बहुत परेशानी होती है। कई लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कोली ने सड़कों की समस्या का त्वरित समाधान किए जाने की मांग की हैं।

वन्दे मातरम् के 150 वर्ष व गणतंत्र दिवस पर विशेष

## धौलपुर पुलिस का भव्य बैंड वादन गुलाब बाग चौराहे पर बिखरी देशभक्ति



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवशाली अवसर तथा आगामी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में धौलपुर पुलिस की ओर से शहर के गुलाब बाग चौराहा पर एक भव्य बैंड वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में किया गया। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने देशभक्ति एवं मधुर गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कर दिया। पुलिस बैंड वादकों ने सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अनुशासन, लयबद्धता और देशभक्ति की अनुपम मिसाल पेश की। आकर्षक गणवेश में सजे बैंड दल ने जब देशभक्ति के नगमे छेड़े तो गुलाब बाग चौराहा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित जनसमूह ने प्रस्तुतियों को जमकर सराहा। कार्यक्रम में मोहन सिंह (एलओ), पुलिस लाइन धौलपुर सहित बैंड वादन दल के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। आयोजन का उद्देश्य आमजन में राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रबल करना, गणतंत्र दिवस के प्रति उत्साह का संचार करना रहा।

## प्रभात पब्लिक स्कूल में 70 से प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के गांव नगला भदोरिया में प्रभात पब्लिक स्कूल की ओर से प्रथम प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के संस्थापक हरी बाबू ने बताया कि सम्मान समारोह को लेकर बच्चों में बेहद उत्साह देखा गया। इस सम्मान समारोह में लगभग 70 से भी अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें वर्ष 2023 से लेकर 24 और वर्ष 2024 से 25 तक के छात्र छात्राएं शामिल रही। संस्थापक हरी बाबू ने बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के रूप में सीकर से राजेश कुमार व धौलपुर से नेकराम मीना और प्रदीप शर्मा, सचिन शैडवाल, राकेश दिवाकर राजपुर, जीतू दिवाकर सैंपऊ संतोष दिवाकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय सैंपऊ में सेमिनार का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से यातायात पुलिस के सहयोग से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय सैंपऊ में सेमिनार का आयोजन किया गया तथा राजाखेड़ा के बरेह मोहरी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परिवहन निरीक्षक ओम प्रकाश वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक के विद्यार्थी सड़क जागरूकता को जन-जन तक पहुंचने में अपनी भूमिका अदा करें। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यदि आपको सड़क पर कोई घायल मिले तो आप बिना किसी झिझक के नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर मानव धर्म निभाएं, आपसे पुलिस की ओर से किसी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं की जाएगी। गोल्डन आवर्स में घर को चिकित्सालय पहुंचने वाले गुड्स सेमिरेटन को अब सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसलिए विद्यार्थी मानव धर्म के साथ सरकार की योजना के भागीदार बने। न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर एडवोकेट ने एमबी एक्ट के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी और बिना लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा पीयूसी के वाहन ना चलाने की नसीहत दी। समारोह में पुलिस थाना सैपऊ प्रभारी प्रवेन्द्र रावत ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आप में सुयोग्य नागरिक बनने के गुण विकसित करती है, एनएसएस के माध्यम से समाज में सम्मान के साथ जीने का मौका मिलता है तथा स्वावलंबन की भावना का विकास होता है। एनएसएस प्रभारी सुरेंद्र कुंवर ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा की जानकारी दी और शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान विषय विशेषज्ञों को बुलाकर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराई जा सके जिससे उनके बौद्धिक विकास में बढ़ोतरी हो सके। महाविद्यालय के रामकिशोर, अश्वनी, समीर पाल, डॉ रामब्रज यादव, वैभव सोनी, संजय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को अतिथियों ने सम्मानित किया। स्लोगन प्रतियोगिता में परिवहन विभाग की ओर से वीक्षक के रूप में पूजा नरसल, शांति व गौरव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को सशक्त करने की पहल

जयपुर टाइम्स





**धौलपुर(निस)।** बालिका दिवस के उपलक्ष्य में मानपुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय छोटा मानपुर व राजकीय प्राथमिक विद्यालय जागीरपुरा में अध्ययनरत सभी बालिकाओं को पेन वितरित किए गए और डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान रोहित गुर्जर मानपुर ने बालिकाओं व विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि बेटी है तो कल है। समाज के निर्माण और प्रगति में बेटियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से 10 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना बेटियों की शिक्षा व विवाह के लिए सुरक्षित और लाभकारी बचत का सशक्त माध्यम है। साथ ही उन्होंने आज की बचत, कल की मुस्कान' का संदेश देते हुए अभिभावकों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर जोर देते हुए बालिकाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता व उज्ज्वल भविष्य पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालयों की प्रधानाध्यापक महानंदा, लीला, श्रीकृष्ण, दिनेश, प्रवीण सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं में न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बचत योजनाओं की उपयोगिता का भी संदेश दिया गया।

## मनिया में जलभराव और कीचड़ से हाल बेहाल, पालिका को नहीं कोई सरोकार

### नाले का पानी एनएच-44 तक, दुकानदार व स्कूली बच्चे परेशान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के कस्बा मनिया में नगर पालिका होने के बावजूद कीचड़ और जलभराव की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। हालात ऐसे हैं कि नगर पालिका के ईओ तक क्षेत्रवासियों के फोन नहीं उठा रहे। स्थानीय लोगों ने कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। मनिया-मांगरोल जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाले का पानी उफान पर है, जिससे सड़क पर कीचड़ का साम्राज्य छाया हुआ है। एनएच-44 पर भी नाले का पानी बह रहा है। दुकानदारों का कहना है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक गहरे गड्ढों में गिरकर कीचड़ से लथपथ हो जाते हैं और चोटिल हो रहे हैं। इससे स्कूली बच्चों के आने-जाने में भी भारी परेशानी हो रही है, कई बच्चे फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाले का पानी सड़क पर फैल रहा है, लेकिन नगर पालिका और प्रशासन समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे। वर्षों से शहरवासी जलभराव के संकट से जूझ रहे हैं। मजबूरी में दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के सामने पत्थर और ईंटें रखकर रास्ता बना रहे हैं ताकि किसी तरह दुकान तक पहुंच सकें। इसके बावजूद प्रशासन ने आंखों पर पट्टी और जुबान पर चुप्पी साध रखी है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि नालों की समुचित सफाई, सड़क मरम्मत और स्थायी जलनिकासी व्यवस्था कर जल्द राहत दी जाए।

## बालिका दिवस पर नर्सिंग कॉलेज में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय नर्सिंग कॉलेज, धौलपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना ने हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार की ओर से बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं व समान अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सतत प्रतिबद्धता है। विशिष्ट अतिथि आरसीएचओ डॉ. शिवकुमार शर्मा ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान व लाडो प्रोत्साहन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं के जन्म, शिक्षा व भविष्य को सुरक्षित करने में उपयोगी सिद्ध हो रही है। पीसीपीएनडीटी समन्वयक पंकज शुक्ला ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी देते हुए भ्रूण लिंग जांच को कानूनन अपराध बताते हुए इसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही के प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने मुखबिर योजना के अंतर्गत अवैध गतिविधियों की सूचना देने पर मिलने वाली 3 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजकीय नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या नीलम सैंगर, मोहर सिंह व नितिन दीक्षित ने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की छात्राओं सुमन, हिमानी, कोमल शर्मा, ज्योति, कोमल चौधरी की ओर से बालिका सशक्तिकरण विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए गए और देशभक्ति व प्रेरणादायी गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक प्रियंका त्रिपाठी व जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण कुमार अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बालिकाओं से संबंधित स्वास्थ्य व सामाजिक योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन गौरव सैनी की ओर से किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने बालिकाओं के सम्मान, संरक्षण व सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। इस दौरान नर्सिंग ट्यूटर नीलम मीणा, जितेंद्र सिंह,तेजप्रताप सिंह परमार, जय व्यास, वीरेंद्र यादव, प्रदीप कुशवाह सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न भारत सरकार की ओर से द्वितीय चरण के राष्ट्रव्यापी समारोह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में वंदे मातरम् अभियान के अन्तर्गत द्वितीय दिवस की गतिविधियों में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में जिलेभर के स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों के तहत निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, क्विज, रंगोली, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल ने बताया कि जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में सरकार के दिशा निर्देशों की पालना में जिला प्रशासन के समन्वय से दिवस पर अलग अलग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। द्वितीय दिवस शनिवारीय प्रतियोगिता के अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर, पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाड़ा हैदरशाह, सिटी कोतवाली सहित विभिन्न ब्लॉक के स्कूलों में निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, क्विज, रंगोली, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर योग एवं दहेज प्रथा उन्मूलन, बाल विवाह की रोकथाम अभियान पर विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन महिला अधिकारिता विभाग व प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बालिका विद्यालय धौलपुर में आयोजित हुआ। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों का उचित पारितोषिक देकर सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के लिए देशव्यापी समारोहों को स्वीकृति दी थी ताकि नागरिकों विशेष रूप से हमारे युवाओं और विद्यार्थियों को इस गीत की मौलिक, क्रांतिकारी भावना से जोड़ने के लिए एक प्रभावशाली आंदोलन को प्रोत्साहन दिया जा सके। ये समारोह इस शाश्वत संदेश का सम्मान करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि इसकी विरासत पूरी तरह से मनाई जाए और अगली पीढ़ी के दिलों में समाहित हो। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अर्चना मिश्रा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बालिका स्कूल ने मनाया भारतीय मानक ब्यूरो का स्थापना वर्ष



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, धौलपुर (राजस्थान) के स्टैंडर्ड क्लब 4378 की ओर से भारतीय मानक ब्यूरो की प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के शानदार अतीत के जश्न को यादगार बनाने के लिए विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा ने बताया कि स्टैंडर्ड क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच व मानक युक्त जीवन की भावना का विकास होता है। मेंटर अनुपम पाराशर ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 74 विद्यार्थियों तथा ब्यूरो के टेक्निकल रिसोर्स पर्सन अतुल चौहान ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्टैंडर्ड, हॉल मार्किंग, ट्रेडमार्क, व खाद्य मानकों को दर्शाते हुए एक से बढ़कर एक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतियोगी के पश्चात विद्यार्थियों ने अल्पाहार प्राप्त किया। निर्णायक दल के सदस्यों ने उच्च मानकों पर पोस्टरों का मूल्यांकन किया। जिसके परिणामस्वरूप 1000 का प्रथम पुरस्कार लकी बघेल, 750 का द्वितीय पुरस्कार उर्वशी त्यागी, 500 का तृतीय पुरस्कार रश्मि गुर्जर व 250 का सांत्वना पुरस्कार भूमि बघेल ने प्राप्त किया। धौलपुर जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष और न्यायाधीश समकक्ष मधु शर्मा व प्रधानाचार्य की ओर से विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। उप प्राचार्य मंजू जादौन व भगवान सिंह मीणा ने स्टैंडर्ड क्लब 4378 की शानदार उपलब्धियों का लेखा जोखा अतिथियों के समकक्ष प्रस्तुत किया। भारतीय मानक ब्यूरो की असाधारण उपलब्धियों के सम्मान में गुलाब का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। सामूहिक राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन व संचालन मेंटर अनुपम पाराशर ने किया।

## डकैती की योजना प्रकरण में फरार आरोपी रामसहाय गिरफ्तार

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे फरार अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ डॉ कमल कुमार आरपीएस तथा वृत्ताधिकारी वृत्त बाड़ी महेन्द्र मीणा आरपीएस के सुपरविजन में बसई डांग थानाधिकारी दुर्गासिंह उप निरीक्षक व पुलिस थाना टीम की ओर से थाना के 3 वर्ष पूर्व के डकैती की योजना में फरार मुल्जिम रामसहाय पुत्र रघुनाथ गुर्जर उम्र 34 साल निवासी कुदिन्ना थाना सोने का गुर्जा जिला धौलपुर को प्रकरण धारा आयुध अधिनियम संशोधन 2019 में ग्वालियर (मध्यप्रदेश) जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। मुल्जिम रामसहाय पीसी रिमांड पर चल रहा है। इलाका थाना क्षेत्र में फरार अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान जारी है।

**राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान**
(द्वितीय तल, विकास खण्ड, सचिवालय, जयपुर)
email- secraj@rajasthan.gov.in, FAX 0141-2227280, 2227072

क्रमांक: F 3 (53)/पंचा./स्टोर/ रानिआ/2025/930 दिनांक:-23.01.2026

**अल्पकालीन बोली आमंत्रण सूचना**

राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान, जयपुर में निर्वाचन कार्य के प्रयोजनार्थ प्रिंटिंग पेपर (अनुमानित लागत 3,00,00000/- रूपये) कय हेतु दर संविदा के लिए पेपर के अनुभवी विनिर्दिष्ट ओइएम/मूल विनिर्माताओं से बोली दिनांक 02/02/26 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना एवं बोली दस्तावेज आयोग की वेबसाईट http//secrajasthan.gov.in, SPPP Portal पर एवं ई-प्रोक पर देखे व प्राप्त किये जा सकते है।
NIB CODE- SEC2526A0016
UBN- SEC2526GLRC00015

सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
राजस्थान, जयपुर

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT SHRIRAMPURA PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: 2025-26/SHRIRAMPURA/181-1/211 DATE 23-01-2026

**INVITATION OF TENDER 03/2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for Three construction work at GP SHRIRAMPURA P.S. Sambhar Lake (Jaipur) total estimated cost Rs. 19.00 Lacs
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in
and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB02218, ZJP2526WSOB02219, ZJP2526WSOB02220 Tender ID-2026_PRD_531628_1,2026_PRD_531628_, 2026_PRD_531628_3

Prshashak
Gram Panohayat
SHRIRAMPURA

VDO
Gram Panohayat
SHRIRAMPURA

## बच्चों के बीच बच्चे से नजर आए सांसद राहुल कस्वां



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** चूरू जिला सांसद राहुल कस्वा ग्रामीण क्षेत्रों में जब बच्चों के बीच पहुंचे, तो बच्चों की तरह नजर आए। बीरड़ा की ढ़ाणी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में जब विकास कार्य का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे, तो उन्होंने वहां के बच्चों से मन लगा लिया और बच्चों को राम-राम कहते हुए कहा कि आप में से कौन बतायेगा कि सुजानगढ़ का विधायक कौन है। जिस पर कुछेक बच्चों ने कहा कि मनोज मेघवाल। जिस पर सासंद राहुल कस्वां ने कहा कि आप में से कौन-कौन विधायक मनोज मेघवाल को जानता है। इस पर बच्चों में से कुछ ने विधायक की ओर इशारा किया। कोडासर के स्कूल में कमरों का उद्घाटन करने के बाद बच्चों से मुखातिब होते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि किसके कोटे से आपके स्कूल में दो कमरे बने हैं, जिस पर एक-दो बच्चों ने कहा कि विधायक कोटे से। जिस पर सांसद ने कहा कि इस प्रकार की प्रेक्टिकल जानकारी आप सबको होनी चाहिए, क्योंकि ये किताबों में नहीं मिलती। इस दौरान सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, सरपंच प्रतिनिधि मनसुख गोदारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## चाडवास व दूँकर में सांस्कृतिक नुक्कड़ नाटक व कठपुतली प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** उल्लास- नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत वातावरण निर्माण एवं साक्षरता के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से बीदासर ब्लॉक की चाडवास व दूँकर ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक नुक्कड़ नाटक व कठपुतली प्रदर्शन का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय मॉनिटरिंग समन्वयक जयप्रकाश नारनोलिया ने बताया कि कलाकार सुरेन्द्र भाट कठपुतली दल की ओर से प्रस्तुत कार्यक्रमों के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, बाल विवाह रोकथाम, साक्षरता, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक विषयों पर प्रभावी संदेश दिए गए। कार्यक्रम में दोनों पंचायतों के विद्यालयों के संस्था प्रधान, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, नवसाक्षर, साक्षरता स्वयंसेवक, ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चाडवास पंचायत में कार्यक्रम की मॉनिटरिंग पीईईओ पुरुषोत्तम सोनी व अध्यापक सुमेरचंद ने की, जबकि दूँकर पंचायत में पीईईओ अनिल कुमार व अध्यापक धर्मचंद ने मॉनिटरिंग की। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कठपुतली दल को प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## डॉ. गायत्री शर्मा को मिलेगा संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मरूदेश संस्थान ने शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस और पूर्व प्राचार्य संतोष व्यास की दसवीं पुण्य तिथि पर -संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान.. की घोषणा की। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि इस वर्ष यह सम्मान सुजानगढ़ की बेटी, संगीत शिक्षिका और प्रसिद्ध ध्रपद गायिका डॉ. गायत्री शर्मा को प्रदान किया जाएगा। इसी वर्ष एक भव्य समारोह में डॉ. गायत्री शर्मा को ग्यारह हजार रुपये का चैक, अभिनंदन पत्र, शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाएगा। डॉ. गायत्री शर्मा देश के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत के डागर घराने से ताल्लुक रखती हैं। राजस्थान विश्व विद्यालय में विगत बीस बरसों से अतिथि व्याख्याता और गत छह वर्षों से पारीक पीजी कालेज जयपुर में संगीत विभाग की प्रोफेसर के रूप में डॉ. गायत्री शर्मा कार्यरत हैं।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पारंपरिक उत्पादों की सराहना की



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दिशा शेखावाटी संस्थान ने सिटी पैलेस में 23 से 25 जनवरी को प्रिंस दिया कुमारी फाउंडेशन कलेक्टिव में भाग लिया। इस दौरान शेखावाटी की बंधनी व सिबोरी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करने राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रिंसेस गौरवी कुमारी, राजमाता पद्मिनी देवी ने विजिट की। संस्था सचिव डा अमृत चौधरी ने डिप्टी सीएम को सिल्क का स्टाल पहनकर स्वागत किया। दिया कुमारी व अन्य अतिथियों ने संस्था की ओर से बनाए गए उत्पादों की काफी सराहना की और कहा कि हमारी पारंपरिक वेशभूषाएं विश्व प्रसिद्ध हैं।

### बीमा कंपनी की मनमानी पर उपभोक्ता आयोग सख्त

# 11 साल बाद भी क्लेम नहीं देने पर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस को 1.81 लाख चुकाने के आदेश

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** बीमा कंपनियों की मनमानी के खिलाफ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनूं ने एक अहम और नजीर बनने वाला फैसला सुनाया है। आयोग ने हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम को 11 वर्षों तक लंबित रखने के मामले में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस को बीमा धारक को दावा राशि ब्याज सहित चुकाने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इसे सेवा में गंभीर कमी मानते हुए बीमा कंपनी को 1 लाख 81 हजार 529 रुपये की क्लेम राशि वाद दायर करने की तिथि से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने का आदेश दिया है। इसके अलावा मानसिक, शारीरिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति के रूप में 15,500 रुपये तथा वाद व्यय के रूप में 10,500 रुपये का भुगतान भी करना होगा। मामले के अनुसार बड़ौदी की ढाणी, खेतड़ी निवासी शिशराम सैनी ने वर्ष 2013 में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ली थी। पॉलिसी अवधि के दौरान अक्टूबर 2014 में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जयपुर के एक निजी अस्पताल में हार्ट सर्जरी करानी पड़ी, जिस पर लगभग दो लाख रुपये का खर्च आया। बीमा धारक की ओर से सभी आवश्यक दस्तावेज और मेडिकल बिल प्रस्तुत किए जाने के बावजूद कंपनी ने दावा निरस्त कर दिया। आयोग की सुनवाई में यह सामने आया कि बीमा कंपनी ने बार-बार अनावश्यक आपत्तियां लगाकर प्रकरण को वर्षों तक लंबित रखा।

### उपभोक्ताओं के लिए बड़ा संदेश

यह निर्णय उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आयोग के इस फैसले से बीमा कंपनियों को स्पष्ट संदेश गया है कि दस्तावेजों के नाम पर दावों को टालना और अनावश्यक देरी करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट की नजीर के साथ कड़ी टिप्पणी:

आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने सुप्रीम कोर्ट की नजीरों का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि 'बीमा कंपनी से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वह केवल अपने मुनाफे की परवाह करे, बल्कि बीमा धारक के साथ निष्पक्ष और ईमानदार व्यवहार करे।

### आयोग ने बीमा कंपनी के रवैये को उपभोक्ता संरक्षण:

अधिनियम की मूल भावना के विपरीत बताते हुए इसे उपभोक्ता विरोधी करार दिया। आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील व सदस्य प्रमेन्द्र कुमार सैनी की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समयावधि में आदेश की पालना नहीं की जाती है, तो देय राशि पर 12.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लागू होगा। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि बीमा कंपनी ने राष्ट्रीय लोक अदालत में मिले अनेक अवसरों के बावजूद मामले के निस्तारण में कोई रुचि नहीं दिखाई और एक ही तरह के आवेदन बार-बार पेश कर प्रकरण को 11 वर्षों तक लंबित रखा।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

## ताल मैदान में होगा सामूहिक गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के ताल मैदान में आयोजित होने वाले उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को व्यवस्थित रूप देने के लिए उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, सीबीईओ सुभाष सोनगरा, एसीबीईओ बाबूलाल शर्मा के आतिथ्य में आवश्यक बैठक राजकीय टांटिया बालिका उमावि में आयोजित की गई। बैठक में उपखंड अधिकारी वर्मा तथा सीबीईओ सोनगरा ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पीटी, परेड को ध्यान से देखकर आवश्यक सुझाव दिए तथा अन्य व्यवस्थाओं संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी ने बताया कि इस राष्ट्रीय आयोजन में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के छात्र छात्राएं भाग लेंगे। वहीं प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य और सुन्दर बनाने के लिए सुझव भी लिए गए हैं। जिससे शहर की जनता भी ज्यादा से ज्यादा देखने के लिए आए। सभी के बैठने, पेयजल की भी सुन्दर व्यवस्था की जाएगी। जिससे लोग शांतिपूर्ण बच्चों द्वारा देशभक्ति के आयोजित कार्यक्रम को देखकर आनन्दित हो। बैठक में व्यापार व उद्योग संघ अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवभगवान सैनी, शंकरलाल प्रेमानी, शंभुदयाल पारीक, सुरेन्द्र जम्मड़, सत्यनारायण जांगिड़, अनिल गोयल, एड. रामनिवास सारण, मुकेश सैनी, अमितकुमार सैनी, शोभाराम माली, यूसीईओ बालकृष्ण कौशिक, यूसीईओ विजय पारीक, मुकेश सैनी, कल्पना शर्मा, इन्दुबाला वर्मा, अरूणा शर्मा, प्राची राठौड़, राजकुमार माली, विकास पारीक आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी ने सभी से आह्वान किया कि वह अपने परिवार और पडौसियों को कार्यक्रम में लेकर आने की अपील की गई है।

## बेटी बचाओ व बेटी जन्मोत्सव पर कार्यशाला आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित इंडियन टीटी कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शनिवार को बेटी बचाओ व बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें घटता लिंगानुपात व समाज में बेटियों के महत्व पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय जागरूकता कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान व कोटपा एक्ट की जानकारी दी गई और बेटी बचाओ अभियान के तहत हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर खंड कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापत, बीएचएस गजेंद्र चौहान, डॉ. मुस्कान राजगढ़िया, डॉ. हिमांशी, एसएचएस सुनिता, भगवती डांगी, मंजू, अनुराधा मीणा, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण जिला प्रशिक्षक पारूल चोटिया, सेवानिवृत्त स्वास्थ्य निरीक्षक मुकारक खान, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रमा पुरोहित, बीएड व एसटीसी कॉलेज की छात्रा अध्यापिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता बिशनाराम हुड्डा ने किया। कॉलेज प्राचार्य अरुणा सहगल ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## प्राइवेट बसों की हड़ताल के कारण रोडवेज बसों में बढ़ा यात्री भार

### बसों में भीड़ के कारण यात्री हो रहे परेशान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में प्राइवेट बस ऑपरेटर एसोसिएशन की हड़ताल के कारण निजी बसों का संचालन नहीं हो रहा है और ऐसे में हर यात्री को रोडवेज बसों में यात्रा करनी पड़ रही है। निजी बसों का संचालन नहीं होने से रोडवेज बसों में यात्री भार बढ़ गया है। शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर सरदारशहर रोडवेज प्रशासन की ओर से यात्रियों के लिए अतिरिक्त रोडवेज बसों की व्यवस्था की गई है। लेकिन फिर भी रोडवेज बसों में भारी भीड़ का आलम नजर आ रहा है। यात्रियों का कहना है कि उन्हें पहले पता नहीं था कि निजी बसों की हड़ताल रहेगी और यात्रा करनी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम धन्यवाद देते हैं रोडवेज प्रशासन को जिन्होंने हमारे लिए अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था की है। रोडवेज यातायात प्रबंधक रवि पूनियां ने बताया कि निजी बसों की हड़ताल के चलते रोडवेज बसों का यात्री भार बढ़ा है और हमारी ओर से अलग-अलग रूट पर जाने वाले यात्रियों के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। बता दे कि रोडवेज बसों की संख्या काफी कम होने से और यात्रियों की संख्या ज्यादा होने के कारण बसों में भारी भीड़ नजर आ रही है। अधिकतर यात्रियों को पता नहीं है कि प्राइवेट बसो की हड़ताल है। इसलिए वह पहले प्राइवेट बस स्टैंड पर जा रहे हैं और फिर रोडवेज बस स्टैंड पर आ रहे हैं। रोडवेज बस स्टैंड पर आम दिन से 4 से 5 गुना भीड़ नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्र से शहर में पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बसों का संचालन नहीं होता है। वहीं रोडवेज बस स्टैंड पर जैसे ही बस पहुंचती है वैसे ही यात्री बस की ओर दौड़ते हैं और हर कोई पहले बस में चढ़ना चाह रहा है। यात्री खिड़कियों से सीट पर सामान रखकर अपनी सीट पर जगह बनाते हुए नजर आए। सबसे ज्यादा भीड़ बीकानेर, तारानगर, जयपुर, हनुमानगढ़ जाने वाली बसों में देखी जा रही है। कोई आपको बता दे की बसंत पंचमी पर हुई शादियों की वजह से भी यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। वहीं रोडवेज प्रशासन की माने तो प्राइवेट बस बंद होने की वजह से यह सिलसिला शनिवार दे रात्रि तक जारी रहेगा।

## सराफ फाउंडेशन ने नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में किए कंबल वितरित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय जिला नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में सराफ फाउंडेशन बेंगलुरु के आर्थिक सौजन्य व इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा चूरू की ओर से छात्रावास के लिए 60 कंबल प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सराफ फाउंडेशन के प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद सराफ व विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रघुनंदन शर्मा, कोषाध्यक्ष बालकृष्ण बंशिया, सदस्य जगदीश शर्मा व शांतनु अग्रवाल रहे। इस अवसर पर नर्सिंग अधीक्षक बजरंग हर्षवाल ने सराफ फाउंडेशन व रेडक्रॉस की ओर से जनहित में निरन्तर किये जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए इस पुण्य कार्य के लिए साधुवाद दिया। जगदीश शर्मा ने सराफ फाउंडेशन व रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से किए जा रहे बहुमुखी कार्यों की जानकारी दी। सचिव रघुनंदन शर्मा ने निरन्तर सेवा कार्य करते रहने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर नर्सिंग केन्द्र की दिव्या चौधरी, विवेक थालोड़, महेंद्र गोपाल शर्मा, सुनीता प्रजापत, मंजू कालेर, कृष्णा व सरिता ख्यालिया ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बजरंग हर्षवाल ने किया।

## चंग की थाप पर गूंजा फाग, बसंत फागोत्सव का भव्य आगाज



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर लाल कुआं गींदड़ समिति की ओर से आयोजित लोकनृत्य होली श्रृंखला का शुभारंभ शुक्रवार रात पुजारी भवन में किया गया। कार्यक्रम में चंग की थाप, फाग गीतों और रंग-बिरंगे लोकनृत्यों ने देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा।समिति के कार्यक्रम संयोजक जयशंकर पुजारी व अध्यक्ष अमित जोशी ने बताया कि यह श्रृंखला क्षेत्र की लोकसंस्कृति और परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है, जिसमें स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ लाल कुआं गींदड़ समिति के संरक्षक सुरेश जाजोदिया, पवन काबरा तथा सनातन मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल पुजारी के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में नगर के प्रसिद्ध कलाकार विनोद पाराशर, रामा पंवार, अंकित पाराशर, अंकित खाटू वाला, पार्षद विष्णु शर्मा, बांसुरी वादक घनश्याम इंदौरिया, ताराचंद ठेकेदार, नवीन काछवाल, चंदन जोशी, रमन लाटा, हिमांशु जोशी, अनिरुद्ध जोशी, योगेश मिश्रा, मोहित मारोट वाला, निखिल पुजारी, मोहित पाराशरज़, प्रवीण माटोलिया, राजेश बेदी, प्रमोद सैनी, मुरारी डीडवानिया सहित अन्य कलाकारों व फागुन के रसियाओं ने देर रात तक शानदार प्रस्तुतियां दीं।

## निपुण मेला व मेगा पीटीएम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में निपुण मेला व मेगा पीटीएम कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। डॉक्टर शर्मिला सोनी के मुख्य आतिथ्य, प्रधानाचार्य रणवीर सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। निपुण मेला प्रभारी मोहनी प्राध्यापक व एकता मीणा अध्यापिका के निर्देशन में आयोजित किया गया। मेले में यूसीईईओ पीसीबी के बारह विद्यालयों में से चार विद्यालयों के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें शारीरिक विकास आधारित गतिविधियों में क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान हेमंत, अनुष्का, रामचंद्र रहे। मानसिक बौद्धिक विकास आधारित गतिविधियों में प्रथम स्थान ललित, द्वितीय मारुति नंदन, तृतीय अलीना ने हासिल किया। सृजनात्मक विकास आधारित गतिविधियों में प्रथम रेशमा, द्वितीय तमन्ना व हिमानी, तृतीय स्थान रश्मि ने हासिल किया।

## स्कूल में वंदेमातरम 150 वें उत्सव का आयोजन




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगरपरिषद आयुक्त के निर्देशानुसार राजकीय महात्मा गांधी विद्यायल नं 22 में वंदेमातरम 150 उत्सव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रमिला कुमारी ने अध्यक्षता की। एसबीम प्रभारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि विद्यालय के बच्चों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बढ़ चढ़कर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया गया। इस अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता, रंगोली, शपथ और वंदे मातरम गीत का गायन बच्चों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अध्याप् पुष्पेन्द्र भाटी, सालगा राम, राकेश शर्मा, हरिराम गोदारा, रामगोपाल शर्मा, बालचंद प्रजापत, महेंद्र सिंह, किशन लाल, हरीश चंद्र, प्रेम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।